RNI N.- BIHBIL/2022/88070 राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः 131 , बुधवार, 24 जून 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


मोहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, शांति भंग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई 03


हरिसेवा आश्रम के वार्षिक उत्सव में उमड़ा संतों का महासमागम, सीएम धामी और कैलाश... 04

समांथा रुथ प्रभु की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर उड़ाए गर्दे इन दो फिल्मों... 07

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में 11 साल की मासूम से रेप, फिर हत्या

- फुटपाथ से सोते वक्त उठा ले गया था टैक्सी ड्राइवर,गुब्बारे बेचती थी बच्ची

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में गुब्बारे बेचने वाली 11 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या कर दी गई। सोमवार की सुबह फुटपाथ पर सो रही बच्ची का टैक्सी ड्राइवर ने किडनैप किया था। इसके बाद उसने उसका रेप किया और हत्या कर लाश महरौली के जंगलों में फेंक दी थी। सोमवार की सुबह करीब 6 बजे परिवार ने वीडियो कॉल के जरिए महरौली



थाने में बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और ह्यूमन इंटेलीजेंस की मदद से चार घंटे में ही बबलू नाम के टैक्सी ड्राइवर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बच्ची का शव बरामद कर लिया है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि सड़क से गुजरते समय उसने सीडीआर चौक के पास फुटपाथ पर बच्ची को सोते हुए देखा था। उसने नींद में ही बच्ची को उठाया और कार की पिछली सीट पर लिटाकर महरौली के जंगलों में ले गया था, जहां अंजाम दिया।

### गुजरात में एएपी एमएलए चैतर वसावा को बड़ा झटका

- वनकर्मियों से मारपीट मामले में सात साल की सजा; विधायकी खतरे में

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात के नर्मदा जिले की डेडियापाडा सीट से आम आदमी पार्टी (एएपी) के फायरब्रांड विधायक चैतर वसावा की मुश्किलें सातवें आसमान पर पहुंच गई है। राजपीपला सेशंस कोर्ट ने वन विभाग के कर्मचारियों पर हमला करने और सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में बड़ा



फैसला सुनाया है। कोर्ट ने चैतर वसावा, उनकी पत्नी और अन्य आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सात-सात साल की जेल की सजा सुनाई है। सजा के अलावा विधायक एवं उनकी पत्नी को 96000 हजार रुपए का आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद गुजरात के सियासी गलियारों में खलबली मच गई है। बता दें कि यह विवाद कुछ समय पहले तब शुरू हुआ था, जब वन विभाग के कर्मचारी अपनी सरकारी ड्यूटी पर तैनात थे। आरोप है कि विधायक के आवास और उसके आसपास के इलाके में वन कर्मियों के साथ चैतर वसावा की बहस हो गई थी।

### मोदी सरकार में इकलौते ईसाई मंत्री का इस्तीफा

- बीजेपी ने दोबारा नहीं दिया था राज्यसभा का टिकट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के वरिष्ठ नेता जॉर्ज कुरियन ने मंगलवार को अल्पसंख्यक मामलों और मत्स्य पालन राज्य मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। उनका छह साल का राज्यसभा कार्यकाल पूरा हो गया था। कुरियन शायद केंद्र सरकार में एकमात्र ऐसे मंत्री थे जो ईसाई समुदाय से आते हैं। उनका राज्यसभा



कार्यकाल 21 जून को समाप्त हुआ है। राष्ट्रपति भवन ने एक बयान में कहा, भारत के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री की सलाह पर संविधान के अनुच्छेद 75 के खंड (2) के तहत केंद्रीय मंत्रिपरिषद से जॉर्ज कुरियन का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। 65 साल के कुरियन अगस्त 2024 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली तीसरी केंद्रीय कैबिनेट में राज्य मंत्री के तौर पर काम कर रहे थे। वह बीजेपी के एक सीनियर नेता हैं और 1980 में पार्टी के बनने के समय से ही इसके सदस्य रहे हैं। कुरियन का राज्यसभा कार्यकाल खत्म हो गया था।

## ममता जो सीट हारीं, वहां सुरक्षित रखे जाएं रिकार्ड

- हाईकोर्ट ने कहा-ईवीएम-वीवीपैट से न हो कोई छेड़छाड़



**कोलकाता (एजेंसी)।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की भवानीपुर विधानसभा सीट की मतगणना से जुड़े सभी अहम सबूत सुरक्षित रखने का आदेश दिया। अदालत ने रिजल्ट में गड़बड़ी के आरोपों पर सुनवाई करते हुए कहा कि ईवीएम, वीवीपैट, सीसीटीवी फुटेज और अन्य संबंधित रिकॉर्ड संरक्षित रखे जाएं। जस्टिस गौरांग कांत ने मतगणना केंद्र बने शेखावाटी मेमोरियल स्कूल के अंदर और बाहर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा, जरूरत पड़ने पर इन सभी साक्ष्यों की जांच होगी। अदालत की अनुमति के बिना इन्हें न तो मिटाया जाएगा, न बदला जाएगा, न नष्ट किया जाएगा और न ही इनके साथ छेड़छाड़ की जाएगी।

### ममता ने अपनी हार को चुनौती दी, कहा- मेरे साथ मारपीट हुई

ममता बनर्जी ने 16 जून को भवानीपुर सीट के चुनावी नतीजे को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। ममता खुद याचिका दाखिल करने हाईकोर्ट पहुंचीं और रिजल्ट की वैधता की जांच करने की मांग की। उन्होंने याचिका में कहा कि चुनाव गलत तरीके से हुआ है।

- रास्ता खुला, मौका मिलते ही भारत की ओर हुए रवाना

## होर्मुज में 4 महीने से फंसे थे एलपीजी से लदे 2 टैंकर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** होर्मुज में तनाव कम होने से भारत को राहत की सांस मिलने लगी है। खाड़ी देशों से कच्चे तेल और एलपीजी के टैंकरों ने अब न केवल भारत बल्कि दूसरे देशों के लिए भी राह पकड़ ली है। ऐसे ही दो जहाज भारत के लिए रवाना हो गए हैं। ईरान संकट के कारण ये दोनों जहाज चार महीने से होर्मुज में फंसे हुए थे। नागपुर की प्रमुख निजी कंपनी कॉन्फिडेंस पेट्रोलियम की ओर से चार्टर किए गए इन जहाजों में 22,000 मीट्रिक टन रसोई गैस लोड है। ये दोनों जहाज रविवार सुबह होर्मुज के दोबारा बंद होने से ठीक पहले वहां से बाहर निकलने में कामयाब रहे। कॉन्फिडेंस पेट्रोलियम के सूत्रों के अनुसार, ये दोनों जहाज एक सप्ताह के भीतर भारत के बंदरगाह पर पहुंच जाएंगे। इसके अलावा, एक और बड़ी राहत यह है कि अल्जीरिया से 22,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आ रहा एक अन्य जहाज भी भारतीय समुद्री सीमा में प्रवेश कर चुका है और जल्द ही बंदरगाह पर लंगर डालेगा।

- **कप्तानों ने उठाया मौके का फायदा–** कंपनी के चेयरमैन नितिन खारा ने बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच हुए एक समझौता ज्ञापन के बाद इस समुद्री रास्ते को कुछ समय के लिए खोला गया था। हमारे कप्तानों ने बेहद बहादुरी भरा कदम उठाया और इस छोटे से मौके का फायदा उठाकर जहाजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे हमने राहत की सांस ली है। भारत के सबसे बड़े निजी एलपीजी बॉटलर्स में से एक, कॉन्फिडेंस पेट्रोलियम को इस महीने करीब 50,000 टन एलपीजी की जरूरत थी। युद्ध की शुरुआत में सप्लाई चेन टूटने के कारण कंपनी को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, जिससे निपटने के लिए उन्होंने ये कदम उठाए- चीन जा रहे दो जहाजों को अतिरिक्त रकम चुकाकर भारत की तरफ मोड़ा गया, जिनमें 50,000 मीट्रिक टन एलपीजी थी। कंपनी ने आपूर्ति बनाए रखने के लिए अमेरिका से भी एलपीजी की स्पॉट खरीदारी की। घरेलू गैस के नए शिपमेंट्स के भारत पहुंचने से घरेलू बाजार पर बेहद सकारात्मक असर देखने को मिलेगा।

## अग्निकांड के बाद ऐक्शन में सरकार

- यूपी के 20 शहरों के कोचिंग सेंटर्स में छापेमारी
- 33 सेंटर सील, बेटी का शव देखकर मां बेहोश



**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ की कोचिंग में आग लगने की घटना में अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार सुबह 11 बजे हादसे की जांच के लिए एसआईटी और फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने बिल्डिंग की जांच की। एसआईटी टीम में आईपीएस प्रवीण कुमार और आईएएस अमृत अभिजात शामिल हैं। शवों का 7 घंटे तक पोस्टमॉर्टम चला। शव परिजन को सौंप दिए गए। पश्चिम बंगाल की अनामिका (30) का शव देखकर पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंची मां बेहोश हो गईं। जांच में पता चला है कि जिस बिल्डिंग में आग लगी, वह अवैध थी। 2016 में गिराने का आदेश हुआ था। बाद में आदेश निरस्त कर दिया गया। लखनऊ विकास प्राधिकरण के वीसी ने बताया- बिल्डिंग मालिक को नोटिस दिया है।

### 14 अफसरों पर भी कार्रवाई हो सकती है

बिल्डिंग रामेश्वरम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज के मालिक वीरेंद्र शुक्ला की है। पुलिस ने गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर वीरेंद्र समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एलडीए के 6 अफसर सस्पेंड कर दिए गए हैं। 14 अफसरों पर भी कार्रवाई हो सकती है। इधर, अग्निकांड के बाद प्रदेश के 20 से ज्यादा शहरों में कोचिंग-होटलों में पुलिस छापेमारी कर रही है। अब तक 33 कोचिंग और 3 होलट सील कर दिए गए हैं। इनमें फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। एसआईटी ने ट्रॉमा सेंटर में करीब डेढ़ घंटे तक घायलों और उनके परिजनों से पूछताछ की। आईएएस अमृत अभिजात ने बताया- पूछताछ के दौरान बिल्डिंग में सुरक्षा मानकों को लेकर सवाल किए गए। यह भी जाना गया कि हादसा अचानक कैसे हुआ। साथ ही, किन-किन विभागों की भूमिका संदिग्ध है, इसकी जांच की जा रही है। वहीं, प्रवीण कुमार ने कहा कि एसआईटी सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।

- **कोचिंग-होटलों में छापेमारी, 34 कोचिंग और 3 होटल सील–** लखनऊ अग्निकांड के बाद कानपुर, आगरा, मेरठ, बरेली, प्रयागराज, नोएडा, बहराइच और वाराणसी समेत 20 शहरों में पुलिस होटल और कोचिंग संस्थानों पर छापेमारी कर रही है। अब तक कानपुर में 30, वाराणसी में 2 और नोएडा और मथुरा में 1-1 कोचिंग को सील किया गया है। इसके अलावा बरेली में 2 होटल और मथुरा में 1 होटल को भी सील किया गया है। पुलिस कोचिंग संस्थानों और होटलों में सुरक्षा मानकों की जांच कर रही है। यह देखा जा रहा है कि बिल्डिंग में फायर सेफ्टी की व्यवस्था है या नहीं, इमरजेंसी गेट मौजूद है या नहीं और आपात स्थिति से निपटने के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं या नहीं। लखनऊ कोचिंग कांड पर डिंपल बोलीं- हादसे के जिम्मेदारों पर हो सख्त कार्रवाई लखनऊ अग्निकांड को लेकर सांसद डिम्पल यादव ने कहा- बहुत ही दर्दनाक घटना है।

## राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग पर लगा था गद्दार का टैग

*स्पीकर के फैसले से बच पाई सोफिया फिरदौस की विधायकी*

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा में पहली और एकमात्र मुस्लिम महिला विधायक सोफिया फिरदौस के राज्यसभा चुनावों में क्रॉस वोटिंग करने पर बड़ा बवाल मचा था। कांग्रेस पार्टी ने सोफिया फिरदौस समेत दूसरे विधायकों को क्रॉस वोटिंग पर पार्टी से सस्पेंड कर दिया था। चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी के 11 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। इन पद गद्दारी का आरोप लगा था। इसके बाद कांग्रेस और बीजेडी दोनों सदस्यता खत्म करने के अर्जियां स्पीकर को दी थीं जहां खारिज कर दी।



**सोफिया समेत 11 विधायकों को मिली राहत–** ओडिशा विधानसभा स्पीकर के समक्ष ये याचिकाएं 16 मार्च को हुए राज्यसभा चुनाव में क्रॉस-वोटिंग करने के कारण दायर की गई थीं। स्पीकर ने हर विधायक के लिए अलग-अलग आदेश जारी करते हुए कहा कि याचिकाओं में सही वेरिफिकेशन और सपोर्टिंग सबूतों की कमी थी। बीजेडी विधायकों में चक्रमणि कन्हार (बालीगुडा), नबा किशोर मल्लिक (जयदेव), सौविक बिस्वाल (चौद्वार-कटक), सुबासिनी जेना (बास्ता), रमाकांत भोई (तिरतोल) और देवी रंजन त्रिपाठी (बांकी) शामिल हैं।

## एक तरफ झमाझम, दूसरी ओर 'लू' की मार

- अबकी बार देश में दिख रहे मौसम के दो रूप



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमानों के ताजा बुलेटिन में कहा है कि इस समय देश में मौसम के दो अलग-अलग रूप देखने को मिल रहे हैं। आईएमडी के मुताबिक, एक तरफ जहां मॉनसून की रिमझिम फुहारें उमस और गर्मी से राहत दे रही हैं, वहीं कुछ इलाकों, जैसे-पूर्वी उत्तर प्रदेश, विदर्भ, दक्षिण-पूर्वी मध्य प्रदेश और बिहार में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। आईएमडी ने कहा है कि इन इलाकों में अगले कुछ दिनों तक लू की स्थिति बनी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक तापमान प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में 43.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। आईएमडी के मुताबिक, प्रयागराज के अलावा लखीमपुर खीरी, बाराबंकी और बहराइच समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के दर्जन भर जिले लू की चपेट में हैं। दूसरी तरफ, विदर्भ के कुछ इलाकों में भीषण लू का प्रकोप बना हुआ है। हालांकि, आईएमडी ने मॉनसून को लेकर राहत भरी खबर दी है और कहा है कि कई दिनों से अटके मॉनसून ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। विभाग के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने मंगलवार (23 जून) को मुंबई सहित महाराष्ट्र के कई हिस्सों, तेलंगाना और ओडिशा के शेष हिस्सों के साथ-साथ छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के कुछ और इलाकों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है।

**मॉनसून की अगली मंजिल,गुजरात और उत्तर प्रदेश–** मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि अगले 2-3 दिनों में मॉनसून गुजरात, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के और अधिक हिस्सों में प्रवेश करने के लिए तैयार है। इसके बाद के 3-4 दिनों में यह झारखंड,बिहार के हिस्सों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की सीमा में भी दाखिल हो सकता है।

65 हस्तियों को मिले पद्म अवॉर्ड

## गायिका अलका याग्निक, ममूटी और विजय अमृतराज को पद्म भूषण, रोहित शर्मा को पद्मश्री



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में दूसरे चरण के पद्म पुरस्कार दे रही हैं। इस समारोह में देश की 65 हस्तियां सम्मानित हो रही हैं। समारोह में पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज केटी थॉमस को जनसेवा और मलयालम पत्रकार पी नारायणन को साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। इनके अलावा सिंगर अलका याग्निक, एक्टर ममूटी, अमेरिका में कार्यरत प्रख्यात ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. दत्तात्रेयुडु नोरी और भारतीय टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज भी शामिल रहे। राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में 2 पद्म विभूषण, 7 पद्म भूषण और 56 पद्मश्री अवॉर्ड दिए गए। इस साल कुछ पुरस्कार संयुक्त रूप से भी दिए गए हैं। 2026 में कुल 131 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों के लिए चुना गया है। इससे पहले 25 को पहले फेज में महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत, एक्टर धर्मेंद्र समेत 66 हस्तियों को सम्मानित किया गया था।



## जिससे होनी थी शादी उसी की ले ली जान

### अब पुणे में 'सोनम कांड',मंगेतर ने बॉयफ्रेंड संग रचा खूनी खेल

**मुंबई (एजेंसी)।** सोनम रघुवंशी तो आपको याद ही होगी। हां... वही सोनम जिस पर अपने पति को धक्का देकर मारने का आरोप है। ठीक उसी तरह का मामला अब पुणे से सामने आया है। यहां पर किरदार बदल गए हैं। सोनम शादी के बाद घटना को अंजाम दिया था और यहां शादी से पहले। दरअसल, लोहागढ़ किले में केतन विशाल अग्रवाल (26) की मौत अब प्रेम-षड्यंत्र की एक चौंकाने वाली हत्या साबित हुई है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि केतन को उनकी मंगेतर सिया गोयल और उसके प्रेमी चेतन चौधरी ने किले की घाटी में धक्का देकर मार डाला। मामले की जांच कर रही पुणे पुलिस के अनुसार, 19 जून को हुई यह



घटना हत्या का तीसरा और सफल प्रयास था। पुलिस के अनुसार, इससे पहले 31 मई और 14 जून को भी दोनों आरोपी केतन को मारने की कोशिश कर चुके थे, लेकिन वह विफल रहे। दोनों मौकों पर आरोपी घटना को दुर्घटना का रूप देना चाहते थे। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान मिले सबूतों के आधार पर सिया और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है।

- एसआईटी ने सरकार को सौंपी राममंदिर चढ़ावा चोरी की रिपोर्ट

## 20 पेज की रिपोर्ट में ट्रस्ट को दोबारा गठित करने की सिफारिश

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में एसआईटी ने मंगलवार को अपनी जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी। सूत्रों के मुताबिक, इसमें एफआईआर दर्ज करने और ट्रस्ट को दोबारा गठित करने की सिफारिश की गई है। किसी सीनियर अफसर को मंदिर का सीईओ नियुक्त करने का भी सुझाव है।

डिटेल जांच के लिए एसआईटी ने और समय मांगा है। रिपोर्ट गृह विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी संजय प्रसाद को रिपोर्ट सौंपी गई है। टीम ने बताया कि 20 पन्नों की यह शुरुआती रिपोर्ट है। इसमें 150 लोगों से पूछताछ की डिटेल है। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी ने पिछले 5 साल के चढ़ावे का ऑडिट कराने की भी सिफारिश की है। चढ़ावे में अनियमितता रोकने के लिए सुझाव दिए हैं। ट्रस्ट के पदाधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजेगी। इसके बाद गृह मंत्रालय तय करेगा कि ट्रस्ट के किन सदस्यों को रखा जाए या हटाया जाए।



### केजरीवाल बोले-

**अब तक चंपत राय को हटाया क्यों नहीं गया–** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा- राम मंदिर से करोड़ों का चंदा चोरी हो गया। राम भक्तों में बहुत गुस्सा है और मन में कई सवाल हैं। आज मैं सरकार से पहला सवाल पूछ रहा हूं। पूरे राम मंदिर का कंट्रोल चंपत राय के हाथ में है। सबसे ज्यादा आरोप चंपत राय पर ही लग रहे हैं। उसे अब तक हटाया क्यों नहीं गया? क्या इस बात का डर है कि अगर चंपत राय ने मुंह खोला, तो कई बड़े चेहरे बेनकाब हो जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### टिकट चेकिंग से एक दिन में 28.76 लाख रुपए रेवेन्यू

**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल ने यात्रियों को वैध टिकट के साथ यात्रा करने के प्रति जागरूक करने और रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया। मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के कुशल नेतृत्व और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री धीरज कुमार के मार्गदर्शन में यह अभियान प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में, दिनांक 22 जून 2026 को मंडल के विभिन्न स्टेशनों और ट्रेनों में एक विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान कुल 3,311 मामलों का पता लगाया गया, जिससे रेलवे को 28,76,939/- की आय प्राप्त हुई। वर्तमान माह में अब तक संचालित टिकट जांच अभियानों के फलस्वरूप कुल 51,511 मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों से रेलवे ने 3,59,95,744/- की आय अर्जित की है। चालू वित्तीय वर्ष में सोनपुर मंडल द्वारा टिकट जांच के माध्यम से कुल 2,03,727 मामले दर्ज किए गए हैं। इनसे रेलवे को 13,19,31,229/- का राजस्व प्राप्त हुआ है। सोनपुर मंडल यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव उचित एवं वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें और रेलवे नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित एवं सुगम रेल यात्रा में सहयोग प्रदान करें। टिकट रहित अथवा अनियमित यात्रा के विरुद्ध भविष्य में भी इस प्रकार के विशेष जांच अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

### वैशाली में स्वर्ण व्यवसायी से 12 लाख के गहने लूटे

**हाजीपुर**। वैशाली में हथियारबंद बदमाशों ने एक स्वर्ण व्यवसायी से करीब 12 लाख रुपये के सोना-चांदी के आभूषण लूट लिए। यह वारदात बेलसर थाना क्षेत्र में देर रात हुई, जहां बाइक सवार तीन अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना उस समय हुई जब व्यवसायी अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहा था। पहले से घात लगाए बैठे तीन बाइक सवार अपराधियों ने उसे रोका और पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वे आभूषणों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। वारदात इतनी तेजी से हुई कि व्यवसायी को संभलने का मौका नहीं मिला। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद बेलसर थाना अध्यक्ष मनीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। वैशाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सक्रियता बढ़ा दी है। जिले की सीमाओं पर वाहन जांच अभियान तेज कर दिया गया है। अपराधियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वैशाली एसपी सुशांत कुमार मिश्रा ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

### बिहार पुलिस कांस्टेबल परीक्षा को 'ट्रेन ऑन डिमांड' का संचालन

**हाजीपुर**। बिहार पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा-2026 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने 'ट्रेन ऑन डिमांड' (टीओडी) परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू किया है। यह व्यवस्था अतिरिक्त यात्री भीड़ के सुगम प्रबंधन हेतु की गई है। 24 जून 2026 को ट्रेन संख्या 03225 नवगछिया-पाटलिपुत्रा परीक्षा स्पेशल नवगछिया (NNA) से दोपहर 3:00 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन मानसी (MNE), खगड़िया (KGG), बेगूसराय (BGS), बरौनी (BJU), शाहपुर पटोरी (SPP), हाजीपुर (HJP) और सोनपुर (SEE) होते हुए रात 10:00 बजे पाटलिपुत्रा (PPTA) स्टेशन पहुंचेगी। इस विशेष ट्रेन में कुल 19 आईसीएफ कोच लगाए गए हैं। वापसी में, यही रैक ट्रेन संख्या 03226 पाटलिपुत्रा-कटिहार परीक्षा स्पेशल के रूप में चलेगी। यह पाटलिपुत्रा (PPTA) से रात 11:00 बजे प्रस्थान करेगी और सोनपुर, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, मानसी तथा नवगछिया होते हुए अगले दिन सुबह 8:00 बजे कटिहार (KIR) स्टेशन पहुंचेगी। वापसी की इस सेवा में 20 आईसीएफ कोच उपलब्ध होंगे। रेलवे प्रशासन ने परीक्षार्थियों से अनुरोध किया है कि वे अपनी यात्रा की पूर्व योजना बनाकर इस विशेष ट्रेन सेवा का लाभ उठाएं। यह विशेष व्यवस्था परीक्षा के दौरान यात्रियों की सुविधा, सुरक्षित यात्रा और भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।



### वैशाली में आग से खपरैल घर जला, लाखों की संपत्ति राख

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के सहदेई बुजुर्ग प्रखंड के मुरौवतपुर वार्ड संख्या-8 में देर रात भीषण आग लगने से एक खपरैलनुमा घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। इस घटना में लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति नष्ट हो गई, जिसमें पेटी, बक्सा, पंखा, कुकर और महत्वपूर्ण कागजात शामिल हैं। गृहस्वामी बिंदेश्वर सिंह के पुत्र राजू सिंह का परिवार नए घर में सो रहा था। देर रात करीब डेढ़ बजे पड़ोसियों ने उन्हें पुराने घर में आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक पूरा घर जल चुका था। पीड़ित राजू सिंह ने आरोप लगाया है कि पड़ोस में रहने वाली बेबी देवी अक्सर घर के समीप कूड़े में आग लगाती थीं। उन्होंने कई बार मना किया था, लेकिन यह कार्य बंद नहीं हुआ। राजू सिंह का दावा है कि बीती रात भी कूड़े में लगाई गई आग के कारण ही उनके घर में आग लगी और यह बड़ा हादसा हुआ। राजू सिंह की पत्नी अंजली कुमारी ने बताया कि पुराने घर में जीविका समूह की बैठकें आयोजित होती थीं। आग लगने से जीविका समूह से संबंधित सभी महत्वपूर्ण कागजात और डायरी भी जलकर नष्ट हो गई हैं। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार सदमे में है और प्रशासन से मामले की उचित जांच तथा सहायता की मांग कर रहा है।

### वैशाली में गंडक नदी में नहाने गए दो युवक लापता

**हाजीपुर**। वैशाली के लालगंज नगर परिषद क्षेत्र में सोमवार देर शाम गंडक नदी में नहाने गए दो युवकों के डूबने की आशंका जताई जा रही है। दोनों युवकों के देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इस दौरान नदी किनारे उनकी नाव और कपड़े मिलने के बाद अनहोनी की आशंका और गहरा गई। लापता युवकों की पहचान लालगंज नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-22 निवासी धर्मनाथ वकील के पुत्र विपिन सहनी और सरफदेव वकील के पुत्र वकील सहनी के रूप में हुई है। घटना के बाद से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों के अनुसार, सोमवार शाम दोनों युवक गंडक नदी में नहाने के लिए गए थे। काफी देर बीत जाने के बाद भी जब दोनों वापस घर नहीं पहुंचे तो परिवार वालों को चिंता हुई। इसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने दोनों की तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान नदी किनारे उनकी नाव और कपड़े मिले। इसके बाद ग्रामीणों को आशंका हुई कि दोनों युवक नदी की तेज धार में बह गए होंगे। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन नदी किनारे पहुंच गए। युवकों की तलाश में स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से भी प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक दोनों का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना लालगंज थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने देर शाम तक नदी में स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश कराई, लेकिन दोनों युवकों का कोई सुराग नहीं मिला। प्रशासन ने मंगलवार को एसडीआरएफ (SDRF) की टीम के माध्यम से गंडक नदी में व्यापक सर्च अभियान चलाने की तैयारी की है। घटना के बाद से दोनों युवकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां-बाप और परिवार के अन्य सदस्य नदी किनारे बैठकर उनकी सलामती की दुआ कर रहे हैं। वहीं, पूरे इलाके में शोक और चिंता का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गंडक नदी में अक्सर तेज बहाव के कारण हादसे होते हैं, ऐसे में प्रशासन को नदी किनारे सुरक्षा व्यवस्था और चेतावनी संकेत लगाने की जरूरत है।

# बेली रोड का एक लेन 3 साल बंद रहेगा, 27 जून को होगा ट्रायल

एजेंसी, पटना



पटना की सबसे व्यस्त सड़क बेली रोड के एक लेन को तीन साल के लिए बंद किया जाएगा। मेट्रो निर्माण के कारण ये बदलाव किया जा रहा है। मेट्रो स्टेशन निर्माण को लेकर बेली रोड पर बैरिकेडिंग का काम शुरू हो चुका है। चिड़ियाघर के गेट नंबर 1 से इनकम टैक्स गोलंबर तक तीन साल तक ऑटो, ई-रिक्शा और बसों के परिचालन पर रोक रहेगी। पहले फेज में चिड़ियाघर के गेट नंबर एक से विकास भवन तक रोक लगेगी। फिर दो-तीन महीने बाद दूसरे फेज में विकास भवन से इनकम टैक्स गोलंबर तक रोक बढ़ाई जाएगी। 27 जून को इसके लिए ट्रायल होगा। इससे पहले 21 और 22 जून को ही ट्रायल होना था, लेकिन नीट परीक्षा की वजह से इसे टाल दिया गया है। इस मार्ग पर बड़ी संख्या में परीक्षा केंद्र स्थित थे।

**पटेल भवन से विकास भवन तक 'वन वे' रहेगा:** निजी गाड़ियों के लिए पटेल भवन से विकास भवन तक 'वन वे' रहेगा। पैसेंजर वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए जा रहे हैं। इस मार्ग से करीब रोजाना 1.50 लाख से 2 लाख गाड़ियां गुजरती हैं, जिनमें 5 हजार से अधिक ऑटो, 1 हजार ई-रिक्शा और 60 से अधिक बसें शामिल हैं। यहां सुबह 9 से 11:30 बजे और शाम 5:30 से रात 8:30 बजे के बीच सबसे ज्यादा ट्रैफिक रहती है।

- मेट्रो निर्माण के कारण बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

**लॉन्चिंग शॉफ्ट तैयार होने के बाद बोरिंग मशीनें उतारी जाएंगीः** लॉन्चिंग शॉफ्ट तैयार होने के बाद नवंबर में जमीन के अंदर चार टनल बोरिंग मशीनें उतारी जाएंगी। इनमें से दो मशीनें पटना जंक्शन तक, जबकि 2 रुकनपुरा तक सुरंग की खुदाई करेंगी। इसके बाद रैंप का निर्माण कर पाटलिपुत्र स्टेशन स्थित एलिवेटेड मेट्रो ट्रैक को रुकनपुरा स्थित अंडरग्राउंड ट्रैक से जोड़ा जाएगा। इन काम के कारण बेली रोड के हिस्से में वाहनों का परिचालन बंद रहेगा और यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं।

# बुजुर्ग छह दिन से लापता ब्लड कैंसर से हैं पीड़ित

एजेंसी, पटना

दानापुर के रजिस्ट्री ऑफिस बेलतल निवासी 60 वर्षीय सत्यानंद कुशवाहा पिछले छह दिनों से लापता हैं। उन्हें ब्लड कैंसर है। परिजन ने दानापुर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस से खोजबीन की गुहार लगाई है। सत्यानंद कुशवाहा 17 जून की सुबह रोज की तरह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। कोई सुराग न मिलने पर उनके बेटे अभिषेक कुमार ने थाने में मामला दर्ज कराया। परिजनों ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में सत्यानंद कुशवाहा सुबह एक ऑटो में सवार होकर दीघा की ओर जाते हुए दिखाई दिए। इसके अलावा, नवागांव क्षेत्र में एक लंगर में भोजन करते हुए उनकी एक तस्वीर भी सामने आई है। इन सुरागों के बावजूद, अब तक उनका कोई ठोस पता नहीं चल पाया है।



- मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले थे, सीसीटीवी में लंगर खाते भी दिखे


लापता सत्यानंद कुशवाहा के बेटे अभिषेक कुमार ने बताया कि उनके पिता ब्लड कैंसर से पीड़ित हैं और उनका इलाज लखनऊ में चल रहा है। उन्हें इलाज के लिए लखनऊ जाना था, जिसके लिए रविवार को ही ट्रेन का टिकट बुक करा लिया गया था। इस स्थिति ने परिवार की चिंता और बढ़ा दी है। परिवार के सदस्य लगातार विभिन्न स्थानों पर उनकी खोजबीन कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। दानापुर थानाध्यक्ष ने बताया कि गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस सभी पहलुओं पर जांच करते हुए उनकी तलाश में जुटी हुई है।

# राजेंद्र नगर-सहरसा इंटरसिटी के इंजन से निकला धुआं

एजेंसी, पटना

पटना से सहरसा जा रही 13228 राजेंद्र नगर-सहरसा इंटरसिटी एक्सप्रेस के इंजन से मंगलवार को धुआं निकलने लगा। जिस कारण ट्रेन परिचालन 36 मिनट तक प्रभावित रहा। यात्री डर गए थे। लोग जल्दबाजी में ट्रेन से उतरने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ यात्री ट्रेन के पूरी तरह रुकने से पहले ही नीचे कूद पड़े, जिससे एक कोच लगभग खाली हो गया। लोको पायलट ने ट्रेन को दीदारगंज हॉल्ट के पास ट्रेन रोक दी। इसके बाद तकनीकी टीम को सूचना दी गई और ट्रेन को आगे बढ़ाने की कोशिशें शुरू की गईं। इस दौरान यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**दूसरा इंजन लगाकर ट्रेन रवाना कियाः** बंका घाट थाना प्रभारी गनौरी प्रसाद ने बताया कि 13228 राजेंद्र नगर-सहरसा एक्सप्रेस के इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण ट्रेन बंका घाट के आसपास रुक गई थी।



- चलती गाड़ी से कूदने लगे रेल यात्री, 36 मिनट तक स्टेशन पर खड़ी रही गाड़ी

लोको पायलट ने ट्रेन को किसी तरह फतुहा स्टेशन तक पहुंचाया। थाना प्रभारी के अनुसार, ट्रेन सुबह 8:46 बजे से 9:36 बजे तक फतुहा स्टेशन पर खड़ी रही। रेलवे अधिकारियों और तकनीकी कर्मचारियों ने खराब इंजन की जांच की। इसके बाद दूसरे इंजन की व्यवस्था की गई। नया इंजन लगाए जाने के बाद ट्रेन को फतुहा स्टेशन से सहरसा के लिए रवाना कर दिया गया।

# निगम के चालकों को 2 महीने से सैलरी नहीं मिली, कार्यालय के पास किया प्रोटेस्ट

एजेंसी, पटना

पटना नगर निगम के अजीमाबाद अंचल में कार्यरत चालकों ने मंगलवार को विरोध-प्रदर्शन किया। इनका 2 महीने का वेतन रुका हुआ है। चालकों ने निगम कार्यालय के पास झाड़ू हाथ में लेकर नारेबाजी की और अपनी मांगें रखी। प्रोटेस्ट के दौरान निगम की गाड़ियां नहीं चलीं। जिससे अंचल क्षेत्र में सफाई व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। प्रदर्शनकारी चालकों ने बताया कि वेतन नहीं मिलने से । वेतन न मिलने के कारण बच्चों की पढ़ाई, घरेलू खर्च और अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में कठिनाई आ रही है। चालकों ने आरोप लगाया कि वेतन भुगतान को लेकर उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है।

चालकों ने अपनी भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि पटना शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में वे महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। वे प्रतिदिन सुबह से देर शाम तक सफाई कार्य में लगी गाड़ियों को चलाते हैं, लेकिन इसके बावजूद उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता। उनका कहना था कि कड़ी मेहनत के बाद भी समय पर वेतन न मिलना उनके साथ अन्याय है।



**वेतन नहीं मिला तो कार्य बहिष्कार करेंगेः** प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक वेतन भुगतान की व्यवस्था नियमित नहीं की जाती और बकाया राशि का भुगतान नहीं होता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर वे आंदोलन को और तेज करेंगे और कार्य बहिष्कार भी जारी रखेंगे। अजीमाबाद अंचल की कार्यपालक पदाधिकारी श्रेया कश्यप ने बताया कि उन्हें चालकों की हड़ताल की सूचना मिली है। हालांकि, अभी तक उनकी ओर से कोई औपचारिक ज्ञापन नहीं दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसी शिकायतें पहले भी सामने आई हैं, जिसके बाद संबंधित एजेंसियों और ठेकेदारों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की गई है।

- कहा- आर्थिक परेशानी बढ़ती जा रही

**जानकारी मुख्यालय को दी जा रहीः** कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि टेंडर की शर्तों में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि कर्मचारियों और चालकों का वेतन समय पर भुगतान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी मुख्यालय को भेजी जा रही है और वहां से निर्देश प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल चालकों के आंदोलन से नगर निगम प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो शहर की सफाई व्यवस्था पर इसका सीधा असर पड़ सकता है।

# पीएमसीएच के प्रिंसिपल पर भड़के स्वास्थ्य मंत्री निशांत, बोले-कॉल किया, कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला

एजेंसी, पटना

PMCH में आज स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार औचक निरीक्षण करने पहुंचे। सूचना फैलते ही अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। डॉक्टर और नर्स मरीजों के स्ट्रेचर को हटाते हुए यह कहते नजर आए कि मंत्री जी आ रहे हैं, जल्दी हटाओ। घटना की तस्वीरें और वीडियो भी सामने आए हैं। मंत्री निशांत कुमार के पहुंचते ही अस्पताल की गैलरी वाला एरिया पूरी तरह से खाली करा दिया गया। इन एरिया में स्ट्रैचर पर कई मरीज लेटे हुए थे। निरीक्षण के दौरान PMCH के प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह भी अनुपस्थित मिले। मीटिंग के लिए निशांत कुमार ने प्रिंसिपल को कॉल किया था, लेकिन कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। इस पर निशांत कुमार ने आक्रोश जताया। साथ ही अस्पताल में सामने आईं कई खामियां पर भी



स्वास्थ्य मंत्री ने नाराजगी जाहिर की।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रिंसिपल फोन भी नहीं उठ रहे हैं और उन्होंने अपने स्थान पर किसी अन्य अधिकारी को चार्ज भी नहीं दिया है। आगे निशांत ने कहा, मामले में गंभीर लापरवाही दिख रही है और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान निशांत कुमार से मरीजों ने कहा, x ray का 1500 रुपया लिया गया है। PMCH में हर चीज के लिए दलाल पैसा ले रहे हैं।

- मरीजों ने कहा- यहां एक्स-रे का लिया जा रहा 1500

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि निरीक्षण में कई गड़बड़ियां सामने आई हैं, जिनकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि भी मौजूद रहे। इसके बाद अस्पताल के अधीक्षक प्रो. (डॉ.) राजीव कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारियों के साथ अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, 38 जिलों के सिविल सर्जन को मैंने कहा है कि कोई भी केस आता है तो पहले जिले में डायग्नोस करिए, उसके बाद ही पटना में रेफर कीजिए। अगर PMCH, IGIMS, NMCH या किसी से भी रेफर किया जाता है, तो पहले आप बेड उपलब्ध है या नहीं उसको सुनिश्चित कीजिए। इसके लिए हमलोग सॉफ्टवेयर भी बनवा रहे हैं। रेफर करने से पहले वो सॉफ्टवेयर पर देख लेंगे, उसके बाद ही आगे की प्रोसेस होगी। इसके पहले जेडीयू ऑफिस में निशांत कुमार ने PMCH में पत्रकारों के साथ मारपीट की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था, संविधान ने मीडिया को रिपोर्टिंग का अधिकार दिया है। पत्रकार अस्पतालों में जाकर रिपोर्टिंग कर सकते हैं और उन्हें खबरों के संकलन से नहीं रोका जा सकता। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना जरूरी है।

## खान ग्लोबल स्टडीज में निरीक्षण करने पहुंचे डीआईजी

# कहा- इलेक्ट्रिक पैनल के नीचे सीटिंग अरेजमेंट सही नहीं, स्प्रिंकलर भी नहीं मिला

एजेंसी, पटना

पटना में अग्निशमन विभाग ने कोचिंग संस्थानों का ऑडिट किया। मुसल्लहपुर इलाके में सुबह से 12 संस्थानों का ऑडिट हो चुका है, लेकिन किसी भी संस्थान में बेहतर परिणाम नहीं मिले हैं। हर जगह कुछ न कुछ कमी मिली हैं। वहीं, बोरिंग रोड चौराहा के पास खान ग्लोबल स्टडीज में निरीक्षण के लिए अग्निशमन विभाग के DIG मनोज कुमार नट अग्निशमन टीम के साथ पहुंचे। वहां फायर सेफ्टी के बारे में जानकारी ली। डीआईजी ने कहा कि सेंटर में इलेक्ट्रिक पैनल के नीचे सीटिंग अरेंजमेंट मिला। जो सही नहीं है। स्प्रिंकलर तक नहीं है। निरीक्षण के वक्त फायर सर्विसेस के IG सुनील कुमार नायक भी रहे। अग्निशमन अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार शर्मा ने किसान कोल्ड स्टोरेज के कैंपस में खान ग्लोबल



स्टडीज, कौटिल्या जीएस टीचिंग सेंटर, ज्ञान बिंदु जीएस अकेडमी में दूसरी बार ऑडिट किया। ऑडिट में टैंक प्रोब्लम, फायर अलार्म सिस्टम, फायर स्टेयर, स्प्रिंकलर जैसी कमियों में कुछ सुधार नहीं दिखा। इन्हें दोबारा से हिदायत दी गई है।

अधिकारी ने कहा कि जहां भी कमियां मिली है, हमने उसे नोट कर लिया है। इसके लिए सुझाव भी दिया जाएगा। सभी को फायर सिस्टम ठीक करना है। नहीं करेंगे तो वरीय अधिकारी को सूचना दी जाएगी। जिसके बाद कार्रवाई तय है। कोचिंग सील भी हो सकती है।

# 4 जिलों में छाए बादल, लखीसराय समेत कई जिलों में बारिश का अलर्ट

एजेंसी, पटना

बिहार के कई जिलों में चिलचिलाती धूप निकल रही है। इससे लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। मुंगेर में मंगलवार की दोपहर में मौसम का मिजाज बदला और तेज बारिश शुरू हो गई। वहीं भागलपुर में दोपहर बाद तेज आंधी के साथ बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र ने लखीसराय के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा पटना समेत कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, खगड़िया, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार में बादल छाए हैं। बिहार में अगले 24 घंटे में मानसून फिर से एक्टिव होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 28 जून तक राज्य के ज्यादातर हिस्सों में रुक-रुककर बारिश होती रहेगी। उत्तर बिहार, सीमांचल और कोसी क्षेत्र में कई जगह मध्यम से अच्छी बारिश होने की संभावना है।



दक्षिण बिहार में भी तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। आकाशीय बिजली को लेकर भी अलर्ट है। बारिश के बाद 48 घंटों में तापमान में 2 से 4 डिग्री तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। इधर, नेपाल में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं।

सोमवार को कोसी बराज से 91 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। इससे सुपौल के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। पटना का अधिकतम तापमान 36.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बक्सर और कैमूर 40.8 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य में सबसे अधिक गर्म रहे।

# भोजपुर में राजस्व कर्मचारी 3,500 रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

बीएनएम@ भोजपुर

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार की मुख्यालय टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भोजपुर जिले के गड़हनी अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार को 3,500 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के अनुसार, इस संबंध में निगरानी थाना कांड संख्या-074/26 दिनांक 22 जून 2026 को दर्ज किया गया था। परिवादी रामदेव राम, निवासी एड़ौरा, थाना उदवंतनगर, जिला भोजपुर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जमीन के दाखिल-खारिज के एवज में राजस्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत प्राप्त होने के बाद निगरानी अन्वेषण ब्यूरो



ने मामले का सत्यापन कराया। जांच के दौरान रिश्वत मांगने के आरोप सही पाए गए। प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित होने के बाद कांड दर्ज कर पुलिस उपाधीक्षक गौतम कृष्ण के नेतृत्व में विशेष धावादल का गठन किया गया। मंगलवार को धावादल ने कार्रवाई करते हुए गड़हनी अंचल कार्यालय परिसर में राजस्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार को 3,500 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को विशेष न्यायालय, निगरानी, पटना में प्रस्तुत किया जाएगा। मामले में आगे की जांच जारी है। बिहार सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता नीति के तहत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो लगातार कार्रवाई कर रहा है। अधिकारियों ने आम लोगों से भी भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की सूचना देने की अपील की है।

# नकली गहनों का खुलासा होते ही टूटी शादी, दूल्हा समेत बाराती रातभर रहे बंधक



बीएनएम@ मोतिहारी

» नेपाल से आई थी बारात, शादी का खर्च और तिलक की राशि लौटाने की मांग पर बढ़ा विवाद

पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली थाना क्षेत्र के बेलवतिया गांव में एक शादी उस समय विवादों में घिर गई, जब दूल्हा पक्ष द्वारा लाए गए गहनों को लड़की पक्ष ने नकली बता दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ और अंततः लड़की पक्ष ने शादी करने से इनकार कर दिया। जानकारी के अनुसार, बेलवतिया गांव निवासी लक्ष्मीनारायण सहनी की पुत्री आरती कुमारी का विवाह नेपाल के बारा जिला अंतर्गत परसोतिपुर निवासी जुगुल सहनी के पुत्र सुभाष कुमार सहनी के साथ तय हुआ था। सोमवार की रात नेपाल से बारात गांव पहुंची थी और विवाह की रस्में शुरू हो चुकी थीं। बताया जाता है कि कन्या निरीक्षण के दौरान लड़की पक्ष ने दूल्हे द्वारा लाए गए गहनों की जांच कराई। जांच में गहनों के नकली होने की बात सामने आने पर लड़की पक्ष के लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने शादी से साफ इनकार कर दिया और दूल्हा पक्ष पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया। विवाद बढ़ने पर लड़की पक्ष ने दूल्हे और उसके कुछ परिजनों को रोक लिया। साथ ही शादी की तैयारियों में हुए खर्च और तिलक में दी गई राशि की भरपाई की मांग की। स्थिति तनावपूर्ण होने पर आधे से अधिक बाराती वापस लौट गए, जबकि दूल्हा और उसके कुछ परिजन रातभर गांव में ही रहे। लड़की के भाई ने बताया कि नकली गहनों की जानकारी मिलने के बाद परिवार ने शादी नहीं करने का निर्णय लिया। वहीं लड़की के पिता का आरोप है कि लड़का पक्ष पहले से मोटरसाइकिल की मांग कर रहा था। मांग पूरी नहीं होने पर वे लोग नकली गहनों के साथ बारात लेकर पहुंचे। मंगलवार सुबह लड़के पक्ष के लोगों ने सुगौली थाना पहुंचकर पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मोहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, शांति भंग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

बीएनएम@ मोतिहारी



**मोतिहारी।** सिकरहना अनुमंडल क्षेत्र में मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है। मंगलवार को ढाका थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने स्पष्ट संदेश दिया कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मोहर्रम हमारी गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं तथा शांति व्यवस्था भंग करने की किसी भी कोशिश पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्रवासियों से मोहर्रम पर्व को आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार समाज को जोड़ने का माध्यम होते हैं और प्रशासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मना सके। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने का आग्रह किया। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सभी थाना अध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि ताजिया जुलूस के लिए प्राप्त आवेदनों में अंकित मार्गों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। बिना सत्यापन के किसी भी जुलूस का लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर संदिग्ध एवं असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने स्पष्ट किया कि मोहर्रम के दौरान डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यदि कहीं भी डीजे का प्रयोग पाया गया तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त जुलूस में किसी भी प्रकार के धारदार हथियारों के प्रदर्शन पर भी रोक लगाई गई है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी भी दी गई। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर पर 24 घंटे नियंत्रण कक्ष संचालित रहेंगे। भीड़ में असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादे लिबास में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों एवं थाना अध्यक्षों को संयुक्त रूप से संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण करने तथा आवश्यकतानुसार स्पॉट मीटिंग आयोजित कर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन की व्यापक तैयारी और सतर्कता से स्पष्ट है कि इस बार मोहर्रम पर्व के दौरान सिकरहना अनुमंडल में शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। बैठक में जनप्रतिनिधि, शांति समिति के सदस्य, विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिक तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## एचएचडी मशीन से खुला राज, चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

बीएनएम@ मोतिहारी

जितना थाना पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सैनिक रोड झांझरा हरका स्थित सती माई मंदिर के समीप की गई। वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल की एचएचडी (HHD) मशीन से जांच की। जांच में मोटरसाइकिल के चेसिस नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर में भिन्नता पाई गई। इसके बाद की गई गहन जांच में पता चला कि वाहन चोरी का है और इससे संबंधित मामला नगर थाना कांड संख्या-149/21 में दर्ज है। पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ इंद्रजीत दास (पिता- जोगिंदर दास), निवासी बरवा विजयी, थाना घोड़ासहन, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। अधिकारियों ने बताया कि वाहन जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है तथा चोरी के वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का मानना है कि इस तरह की कार्रवाई से वाहन चोरी से जुड़े अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## केंद्रीय कारा मोतिहारी का निरीक्षण, बंदियों को अधिकारों व विधिक सहायता की दी जानकारी

बीएनएम@ मोतिहारी




पूर्वी चंपारण के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) अभिषेक कुमार दास ने मंगलवार को केंद्रीय कारा मोतिहारी का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएलएसए के सचिव नितिन त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कारा में उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता, कारा अस्पताल की व्यवस्था, विधिक सहायता सुविधाओं, ई-मुलाकाती हेल्पडेस्क तथा महिला वार्ड का गहन जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रातः करीब नौ बजे न्यायाधीश ने कारा के सामुदायिक रेडियो ''रेडियो दोस्ती'' के माध्यम से बंदियों को संबोधित किया। उन्होंने बंदियों को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के साथ-साथ उपलब्ध विधिक सहायता सेवाओं की जानकारी दी। साथ ही उन्हें सुधारात्मक एवं सकारात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सभी बंदियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा कारा परिसर में स्वच्छता, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के निर्धारित मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अंत में डीएलएसए सचिव नितिन त्रिपाठी ने कारा प्रशासन को हर संभव सहयोग और समन्वय बनाए रखने का आश्वासन दिया, ताकि बंदियों के अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## मुहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

बीएनएम@ मोतिहारी



आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को सदर अनुमंडल कार्यालय स्थित अनुमंडल पदाधिकारी कक्ष में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक की अध्यक्षता सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा ने की। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, निर्धारित रूट के अनुसार जुलूस निकालने, बिना लाइसेंस किसी भी प्रकार का जुलूस नहीं निकालने, स्वयंसेवकों (वॉलेंटियर) की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने तथा अफवाहों से सतर्क रहने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, विधि-व्यवस्था से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल प्रशासन को अवगत कराने की अपील की गई। शांति समिति के सभी सदस्यों ने एक स्वर में मुहर्रम पर्व को शांति और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने की प्रतिबद्धता जताई। सदस्यों ने कहा कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी अनुमंडल क्षेत्र में पूरी शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाया जाएगा तथा शांति समिति की टीम हर परिस्थिति में जिला प्रशासन के सहयोग के लिए तत्पर रहेगी। बैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा ने सभी लोगों से मुहर्रम पर्व को अमन, शांति और आपसी सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है और इसके लिए सभी संबंधित विभागों एवं जनप्रतिनिधियों का सहयोग आवश्यक है। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी, अंचल अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## कोटवा अंचल कार्यालय में एडीएम का औचक निरीक्षण, लंबित मामलों पर जताई नाराजगी

बीएनएम@ मोतिहारी

कोटवा अंचल कार्यालय का मंगलवार को अपर समाहर्ता (एडीएम) मुकेश कुमार सिन्हा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव तथा विभिन्न राजस्व मामलों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान दाखिल-खारिज, परिमार्जन, एलपीसी समेत कई मामलों के बड़ी संख्या में लंबित होने की बात सामने आई। जांच में पाया गया कि कर्मचारी विनोद सिंह एवं अंचलाधिकारी मोनिका आनंद के लॉगिन पर सबसे अधिक मामले लंबित हैं। इस पर एडीएम ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी लंबित आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने कार्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, अभिलेख संधारण व्यवस्था तथा कर्मचारियों की उपस्थिति की भी जांच की। उन्होंने कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। राजस्व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि दाखिल-खारिज, परिमार्जन एवं एलपीसी से संबंधित लंबित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा कर आम लोगों को राहत प्रदान करें। इस दौरान एडीएम ने कोटवा बाजार सहित अंचल क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बढ़ते अतिक्रमण पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने अंचल प्रशासन को अभियान चलाकर सरकारी भूमि एवं सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया, ताकि यातायात व्यवस्था और आमजन की आवाजाही सुचारु बनी रहे। इसके अलावा उन्होंने अभियान बसेरा के तहत जहां लोग वर्षों से बसे हुए हैं, वहां पर्चा निर्धारण की प्रक्रिया में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अंचल कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## डायट मोतिहारी में पीबीएल उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित, अनुभव आधारित शिक्षा पर दिया गया जोर

बीएनएम@ मोतिहारी



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), मोतिहारी के सभागार में मंगलवार को "परियोजना आधारित अधिगम (पीबीएल)" विषय पर एक दिवसीय बैठक-सह-उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) नित्यम कुमार गौरव ने की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यालयों में अनुभव आधारित एवं 'करके सीखने' की शिक्षण पद्धति को सुदृढ़ बनाना था। साथ ही शिक्षकों को पीबीएल की अवधारणा, क्रियान्वयन प्रक्रिया, मूल्यांकन पद्धति एवं इसके सफल प्रयोगों की जानकारी देना भी कार्यक्रम का प्रमुख लक्ष्य रहा। उद्घाटन संबोधन में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नित्यम कुमार गौरव ने कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए पीबीएल को विद्यालय स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि परियोजना आधारित अधिगम छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसे शिक्षण प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए। कार्यशाला के दौरान डायट के प्रवक्ताओं ने तकनीकी सत्रों के माध्यम से पीबीएल के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पक्षों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं कुछ चयनित विद्यालयों द्वारा पीबीएल के तहत किए गए नवाचारों का प्रस्तुतीकरण भी किया गया, जिससे अन्य विद्यालयों को प्रेरणा और मार्गदर्शन मिल सके। इसके अलावा पीबीएल आधारित वार्षिक कार्ययोजना निर्माण को लेकर समूह चर्चा भी आयोजित की गई। जिला तकनीकी टीम के सदस्यों ने कहा कि परियोजना आधारित अधिगम बच्चों में तार्किक क्षमता, समस्या समाधान कौशल, टीम वर्क तथा संवाद क्षमता विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विश्वास जताया कि जिले के सभी विद्यालयों में पीबीएल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए यह कार्यशाला मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मोतिहारी सरोज कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी छौड़ादानो रामानुजम, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी फेनहारा कपिलदेव राम, संभाग प्रभारी दिलीप कुमार, आमंत्रित सदस्य नागेंद्र प्रसाद सहित जिला तकनीकी टीम के रमेश कुमार, कमलेश कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, अंजना कुमारी, बिभाष चंद्र एवं सरिता कुमारी उपस्थित थे। इसके अलावा जिले के सभी प्रखंडों की तकनीकी टीम के सदस्य भी कार्यशाला में शामिल हुए।

## बंगरी नदी में डूबी 9 वर्षीय बच्ची का शव तीन दिन बाद मिला, गांव में शोक

बीएनएम@ मोतिहारी

बंजरिया थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुरा गांव के समीप बंगरी नदी में डूबने वाली 9 वर्षीय बच्ची का शव घटना के तीन दिन बाद मंगलवार को बरामद किया गया। शव मिलने के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृत बच्ची की पहचान ब्रह्मपुरा निवासी उमेश महतो की पुत्री अनु कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को अनु शौच के लिए नदी किनारे गई थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया था। अंचलाधिकारी रोहन रंजन सिंह ने मौके पर पहुंचकर एसडीआरएफ की टीम के साथ लगातार तीन दिनों तक खोज अभियान चलवाया, लेकिन बच्ची का पता नहीं चल सका। मंगलवार को मलाही स्कूल के पास स्थानीय ग्रामीणों ने नदी में एक शव तैरता देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इधर, घटना के बाद मृत बच्ची की मां पूजा देवी और पिता उमेश महतो का रो-रोकर बुरा हाल है। अनु तीन भाई-बहनों में दूसरे स्थान पर थी। अंचलाधिकारी रोहन रंजन सिंह ने कहा कि सरकारी प्रावधानों के तहत पीड़ित परिवार को शीघ्र ही हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## सहयोग शिविर की तैयारियों का जायजा लेने ढेकहां उत्तरी पंचायत पहुंचे सदर अनुमंडल पदाधिकारी

बीएनएम@ मोतिहारी



आगामी 7 जुलाई 2026 को मोतिहारी प्रखंड की ढेकहां उत्तरी पंचायत में आयोजित होने वाले सहयोग शिविर की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा ने पंचायत क्षेत्र का भ्रमण मंगलवार को किया। भ्रमण का उद्देश्य सहयोग शिविर की तैयारियों की समीक्षा करना तथा आम लोगों तक जिला प्रशासन की सुगम पहुंच को और अधिक प्रभावी बनाना था। सहयोग शिविर के लिए पंचायत स्तर पर प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाले लोगों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। बैठक में शिविर के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, बिजली और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूरी करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं, स्थानीय अधिकारियों ने सहयोग शिविर के सफल आयोजन का भरोसा दिलाया।

## डिग्री महाविद्यालय से संबंधित सभी सिविल कार्य 26 जून तक हर हाल में पूर्ण करें: डीएम

» आगामी 01जुलाई से डिग्री महाविद्यालयों का होना है शुभारंभ

बीएनएम@ मोतिहारी

जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में नगर के समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन भवन सभागार में जिले के 15 प्रखंडों में आरंभ किए जा रहे 15 डिग्री महाविद्यालय के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। इस बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिलाधिकारी श्री यादव के द्वारा डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य से अभी तक के कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई एवं उसके आलोक में कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को निर्देश दिया गया कि हर हाल में सभी 15 प्रखंडों में उत्क्रमित किए जा रहे डिग्री महाविद्यालय के लिए सभी तरह के सिविल कार्य 26 जून तक हर हाल में पूर्ण करा लें। वहीं जिलाधिकारी के द्वारा कहा गया कि मुख्य रूप से चिन्हित कमरों का रंग रोगन बिजली की व्यवस्था, शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित कराई जाए साथ ही साथ महाविद्यालय तक जाने वाले पथ को भी मोटरेबल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि वहां पर 01 जुलाई 2026 से डिग्री महाविद्यालय का संचालन किया जाना है। बैठक में उपस्थित डिग्री कॉलेज के प्राचार्यों के द्वारा बताया गया कि जो नए डिग्री कॉलेज आरंभ किया जा रहे हैं वहां पर अभी कुल 06 विषय - हिंदी,अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र एवं समाजशास्त्र की पढ़ाई कराई जाएगी। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ है। राज्य सरकार के सात निश्चय का चतुर्थ निश्चय "उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य" अंतर्गत विभागीय संकल्प 633 दिनांक 30.04.2026 के आलोक में पूर्वी चंपारण जिले में 15 डिग्री महाविद्यालय की स्थापना का निर्णय लिया गया है। उक्त के आलोक में इन डिग्री महाविद्यालय में ससमय में पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ हो सके इसको लेकर जिला प्रशासन के द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। जिले के जिन 15 प्रखंडों में डिग्री महाविद्यालय की स्थापना कराई जा रही है उनका नाम निम्नवत है:-

1. संग्रामपुर प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय संग्रामपुर (श्री उदय बहादुर सिंह प्लस टू उच्च विद्यालय मंगलापुर में)
2. मेहसी प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय मेहसी (उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कटहा, मेहसी में)
3. बंजरिया प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय बंजरिया (उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कुकुरजरी)
4. पिपराकोठी प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय पिपराकोठी (उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर कॉलोनी)
5. सुगौली प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय सुगौली (उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय शुक्ल पाकड़ सुगौली)
6. तुरकौलिया प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय तुरकौलिया (रामउग्रह सिंह कुशवाहा उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुर)
7. तेतरिया प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय तेतरिया (राजकीय मध्य विद्यालय माधूआहा मॉल)
8. पताही प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय पताही (प्लस टू सिंहेश्वर सेमिनरी)
9. फेनहारा प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय फेनहारा (उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बिशुनपुर बसंत)
10. रामगढ़वा प्रखंड अंतर्गत डिग्री महाविद्यालय रामगढ़वा (आदर्श राजकीय बुनियादी विद्यालय सिसवनिया, ग्राम पंचायत मुरला)
11. आदापुर प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय आदापुर (राजकीय बुनियादी विद्यालय भवनगरी)
12. छौरादानो प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय छौड़ादानो( एस आर एन आर वाई एल उच्च विद्यालय जीतपुर बिशुनपुरवा)
13. बनकटवा प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय बनकटवा ( राजकीय मध्य विद्यालय मठिया भोपत गोढ़िया)
14. पकड़ीदयाल प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय पकड़ीदयाल ( श्री राम अयोध्या सिंह उच्च विद्यालय बड़कागांव)
15. चिरैया प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय चिरैया (उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय परेवा) का नाम शामिल है।

# संक्षिप्त समाचार

## सर्पदंश से महिला की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**बीएनएम@ तुरकौलिया**। थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर तकेया गांव में सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान उमेश पासवान की 35 वर्षीय पत्नी सुगांति देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। बताया जाता है कि सुगांति देवी अपने घर के दरवाजे पर सो रही थीं। देर रात एक विषैले सांप ने उन्हें डंक मार दिया। सांप के काटते ही वह जोर-जोर से चिल्लाने लगीं। आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे, तब उन्होंने बताया कि उन्हें सांप ने काट लिया है। इसके बाद परिजन आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मृतका अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गई हैं, जिनमें दो बच्चे अभी काफी छोटे हैं। मां की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। थानाध्यक्ष संपत कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मोहर्रम को लेकर नवलपुर थाना में शांति समिति की बैठक

**बीएनएम@ योगापट्टी**ः मोहर्रम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को नवलपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष ने की। इसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया। बैठक में मोहर्रम जुलूस के निर्धारित मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से अपील की कि पर्व के दौरान आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी और कानून व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों को साझा नहीं करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई।अंत में सभी उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ मोहर्रम पर्व मनाने का संकल्प लिया।

## विषैले सांप के डंसने से छात्र की मौत

**बीएनएम@ बगहा**ः नौरंगिया थाना क्षेत्र के मटीयारिया गांव में सोमवार की शामसांप के डंसने से 12 वर्षीय छात्र आदित्य कुमार की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि आदित्य सोमवार की देर शाम घर की दीवार में छिपे एक विषैले सांप ने उसे डंस लिया।परिवार के सदस्य उसे तत्काल इलाज के लिए रतनपुरवा स्थित चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे।चिकित्सकीय प्रयासों के बावजूद आदित्य की हालत लगातार गंभीर बनी रही और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर नौरंगिया थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पूछताछ के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया।

## दो फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**बीएनएम@ समस्तीपुर**। घटहो थाना पुलिस ने फरार अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा की गई छापेमारी के दौरान ताजपुर थाना कांड संख्या-79/26 में नामजद एवं फरार चल रहे अभियुक्त राजा राम राय (पिता- सीताराम राय) तथा चन्द्रदेव राय (पिता- मोहन राय), दोनों निवासी ग्राम कॉंचा , थाना- घटहो, जिला- समस्तीपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से आवश्यक पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

## भोजपुर में राजस्व कर्मचारी को घूस लेते निगरानी ने दबोचा

**बीएनएम@ भोजपुर**। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने गड़हनी अंचल कार्यालय में तैनात राजस्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार को 3,500 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी राजस्व कर्मचारी मूल रूप से औरंगाबाद जिले के खुदुआ थाना क्षेत्र के आधार बिगहा का रहने वाला है और पिछले कुछ समय से गड़हनी अंचल में कार्यरत था। यह पूरी कार्रवाई जमीन के दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) के एवज में मांगी जा रही घूस को लेकर की गई है। पुलिस उपाधीक्षक गौतम कृष्ण ने बताया कि परिवादी रामदेव राम, जो पेशे से एक शिक्षक हैं, ने अपनी पत्नी हेवन्ति देवी के नाम से ढाई डिसमिल जमीन खरीदी थी। इस जमीन के दाखिल-खारिज के लिए उन्होंने गड़हनी अंचल कार्यालय में आवेदन दिया था। लेकिन आरोपी राजस्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार बिना पैसे लिए काम करने को तैयार नहीं था और रिश्वत न मिलने के कारण उसने कई बार दाखिल-खारिज के आवेदन को रिजेक्ट भी कर दिया था। बार-बार परेशान किए जाने के बाद पीड़ित शिक्षक रामदेव राम ने हार मानने के बजाय इसकी लिखित शिकायत पटना स्थित निगरानी थाने में दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग की टीम ने गुप्त रूप से मामले का सत्यापन कराया। तय रणनीति के तहत, मंगलवार को जैसे ही शिक्षक रामदेव राम ने राजस्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार को केमिकल लगे 3,500 रुपये थमाए, वैसे ही अंचल कार्यालय में सादे लिबास में मुस्तैद निगरानी ब्यूरो की विशेष धाबा दल की टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। निगरानी की टीम ने आरोपी के पास से घूस की रकम बरामद कर ली है।

# रामगढ़वा में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

बीएनएम@ रामगढ़वा



मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को रामगढ़वा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राजीव कुमार साह ने की। बैठक में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों तथा विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर पर्व को शांति और भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी राजीव कुमार साह ने कहा कि मुहर्रम आपसी भाईचारे, शांति और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक पर्व है। उन्होंने सभी लोगों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि पर्व के दौरान डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही लाइसेंसधारियों को निर्देश दिया गया कि वे अविलंब थाना में अपना आवेदन जमा करें, ताकि आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। अपर थानाध्यक्ष सुमित कुमार ने कहा कि जुलूस एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक, भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचने की भी हिदायत दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में एसआई राधेश्याम यादव, एसआई मनीष कुमार, एसआई रामेश्वर राम, अमरजीत पासवान एवं मौलेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे। वहीं मुखिया जाने आलम, नसीबुल हक, सैफुल्लाह, मुखिया तबरेज आलम, मुन्ना आलम, साहिल, अरशद अली मुन्ना, इम्तियाज नेता, माजिद हुसैन, बबलू आलम, जिप पति कमरुद्दीन मंसूरी, अजहर जावेद समेत क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिकों ने बैठक में भाग लिया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई तथा सभी उपस्थित लोगों ने मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प व्यक्त किया।

## तेज प्रताप यादव के सरकारी आवास में बड़ी चोरी

बीएनएम@ पटना



जनशक्ति जनता दल के अध्यक्ष तेज प्रताप यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब उनके पटना स्थित सरकारी आवास से लाखों रुपये नकद और कई महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की चोरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में उन्होंने अपने निजी सहायक (पीए) पर गंभीर आरोप लगाते हुए सचिवालय थाना में शिकायत दर्ज कराई है।मिली जानकारी के अनुसार, 42 हार्डिंग रोड स्थित सरकारी आवास पर हुई इस घटना को लेकर तेज प्रताप यादव ने लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उनके निजी सहायक मोतीलाल राय ने अलमारी में रखे पार्टी फंड के 20 लाख रुपये नकद समेत कई कीमती सामान चोरी कर लिए हैं।शिकायत के मुताबिक चोरी हुए सामानों में एक सोने की अंगूठी, चार पेन ड्राइव, दो हार्ड डिस्क, एक आईपैड, एक मैकबुक लैपटॉप, एक लेनोवो लैपटॉप और चार आईफोन 17 प्रो मैक्स मोबाइल फोन शामिल हैं। तेज प्रताप ने आरोप लगाया है कि घटना की रात उनके ड्राइवर अनिल यादव और आवास पर मौजूद विशाल नामक व्यक्ति ने मोतीलाल राय को एक बैग लेकर आवास की बाउंड्री वॉल फांदकर भागते हुए देखा था।इसके बाद जब घर की अलमारी की जांच की गई तो नकदी और अन्य कीमती सामान गायब मिले। शिकायत में मोतीलाल राय का पता वैशाली जिले के मनियारपुर क्षेत्र का बताया गया है। सचिवालय थाना पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## फेसबुक लाइव पर थाना को गोलीबारी की धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

बीएनएम@ मोतिहारी



पूर्वी चम्पारण जिले के बीजधरी थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर थाना को गोलीबारी की धमकी देने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान सुंदरपुर गांव निवासी सौरभ कुमार यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, 22 जून को सौरभ कुमार यादव ने फेसबुक पर लाइव आकर बीजधरी थाना पर गोलीबारी करने की धमकी दी थी। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बीजधरी थाना और डीआईयू टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई शुरू की। तकनीकी अनुसंधान के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके मोबाइल फोन की जांच की, जिसमें थाना को धमकी देने वाला वीडियो मिला। इसके अलावा मोबाइल में अवैध हथियार से फायरिंग करते हुए उसका एक अन्य वीडियो भी बरामद हुआ। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर बीजधरी थाना कांड संख्या 80/26 दर्ज करते हुए आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 352, आर्म्स एक्ट की धारा 25(9) तथा आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। बीजधरी थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित कर कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वालों के विरुद्ध पुलिस की नजर लगातार बनी हुई है। उन्होंने कहा कि फेसबुक लाइव के माध्यम से थाना पर हमले की धमकी देने की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की गई और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके मोबाइल से धमकी वाला वीडियो तथा फायरिंग से संबंधित अन्य वीडियो भी बरामद हुआ है। मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

## मोहर्रम पर्व को लेकर अरेराज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक, सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील

बीएनएम@ अरेराज




आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को अरेराज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी ने की। बैठक में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, धर्मगुरुओं तथा दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी ने कहा कि मोहर्रम आस्था और अनुशासन का पर्व है, जिसे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार एवं जिला प्रशासन के निर्देशानुसार मोहर्रम के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही ताजिया जुलूस निर्धारित मार्गों से ही निकाला जाएगा तथा किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों और कानून-व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपस्थित लोगों से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को देने की अपील की। बैठक में मोहर्रम जुलूस के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया और क्षेत्र में शांति एवं भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रंटू पांडेय, पूर्व नगर अध्यक्ष मंटू दुबे, नगर उपाध्यक्ष आजाद मियां, वार्ड पार्षद झुना पांडेय, श्रवण दास सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## हरिसेवा आश्रम के वार्षिक उत्सव में उमड़ा संतों का महासमागम, सीएम धामी और कैलाश विजयवर्गीय सहित कई दिग्गज हुए शामिल

बीएनएम@ हरिद्वार



हरिसेवा आश्रम के वार्षिक उत्सव के अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं विशाल संत सम्मेलन में देशभर के संत-महात्माओं, आध्यात्मिक गुरुओं और प्रमुख राजनीतिक हस्तियों का भव्य समागम देखने को मिला। आध्यात्मिक आस्था और सनातन संस्कृति से ओतप्रोत इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, जबकि मध्य प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री कैलाश विजयवर्गीय विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों नेताओं ने संत परंपरा को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताते हुए राष्ट्र निर्माण और सामाजिक समरसता में संतों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। यह भव्य आयोजन हरिसेवा आश्रम के संस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सनातन धर्म की विभिन्न परंपराओं और आध्यात्मिक धाराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। संत सम्मेलन में निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज, पूर्वी चंपारण जिले के अरेराज स्थित ऐतिहासिक बाबा सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर महंत महामंडलेश्वर स्वामी रविशंकर गिरि महाराज तथा तुलसी मानस मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी अर्जुन पुरी जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अलावा विश्व प्रसिद्ध योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण भी कार्यक्रम में शामिल हुए। दोनों ने योग, आयुर्वेद और भारतीय जीवन दर्शन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से स्वस्थ, अनुशासित और संस्कारयुक्त जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक चेतना को जीवित रखने में संत समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। वहीं कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि संतों के मार्गदर्शन से ही समाज में नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण संभव है। संतों एवं आध्यात्मिक गुरुओं ने अपने प्रवचनों के माध्यम से धर्म, योग, आयुर्वेद, आध्यात्मिक जागरण और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। उन्होंने समाज को संगठित, जागरूक और संस्कारित बनाने पर बल देते हुए सनातन संस्कृति के संरक्षण का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे हजारों भक्तों ने कथा श्रवण किया और संतों के दर्शन-पूजन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना रहा।

## कट्टा दिखाकर अनाज व्यवसायी से लूट करने वाला आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त सामान बरामद

बीएनएम@ आदापुर

आदापुर थाना पुलिस ने लूटकांड के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त सामान बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गुप्त सूचना और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामले का सफल उद्भेदन किया। पुलिस के अनुसार आदापुर थाना कांड संख्या-175/26 के प्राथमिकी अभियुक्त सन्नी कुमार (पिता- राम रतन महतो), निवासी पश्चिमी टोला कोरिया, थाना महुआवा, जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार किया गया है। उस पर बंशीधर हाई स्कूल के सामने अनाज व्यवसायी संजय प्रसाद को कट्टा दिखाकर लूटपाट करने का आरोप है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जमुनभार गांव के पूर्व स्थित एक आम के बगीचे से अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर रक्सौल के नागा रोड स्थित उसके किराए के मकान पर छापेमारी की गई, जहां से घटना में प्रयुक्त सामान बरामद किया गया। बरामद सामानों में लूटकांड में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन तथा घटना के समय पहने गए कपड़े शामिल हैं। पुलिस ने एक ब्लू रंग का जैकेट, स्लेटी रंग की पैंट, एक मास्क और सैंडल/चप्पल भी जब्त किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। साथ ही लूटकांड से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त की गिरफ्तारी से मामले के सफल उद्भेदन में महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

## हाईकोर्ट के आदेश पर पीडब्ल्यूडी भूमि से अतिक्रमण हटाने की तैयारी, 18 लोगों को नोटिस

बीएनएम@ तुरकौलिया



तुरकौलिया चौक स्थित पीडब्ल्यूडी की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अंचल प्रशासन ने भूमि की मापी कर अतिक्रमित हिस्सों को चिन्हित करते हुए लाल निशान लगाया है तथा अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर दिया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाने पर बलपूर्वक कार्रवाई की जाएगी। अंचलाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि कुल 18 लोगों को नोटिस दिया गया है, जिनमें पांच भूमिहीन भी शामिल हैं। नोटिस में तीन दिनों के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों, दंडाधिकारियों और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, मोतिहारी-अरेराज-गोविंदगंज सड़क निर्माण के बाद संबंधित भूमि की समुचित निगरानी नहीं होने से डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों ने पीडब्ल्यूडी की जमीन पर कब्जा कर लिया था। वर्ष 2023 में अधिकांश अतिक्रमणकारियों के खिलाफ थाना में प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। कुछ लोगों ने न्यायालय से जमानत ले ली है, जबकि कुछ आरोपित अब भी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण क्षेत्र में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है तथा सार्वजनिक सुविधाओं पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। बताया जाता है कि इससे पहले भी उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रपत्र-1 एवं प्रपत्र-2 के तहत नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद न्यायालय ने नाराजगी जताते हुए एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया है। सूत्रों के अनुसार, अतिक्रमित भूमि पर कई बड़े भवन और निजी अस्पताल भी स्थापित हो चुके हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कार्रवाई के दौरान किसी भी व्यक्ति या प्रतिष्ठान को विशेष छूट नहीं दी जाएगी। यदि अतिक्रमणकारी स्वयं जमीन खाली कर देते हैं तो बल प्रयोग की आवश्यकता नहीं होगी, अन्यथा कानूनी प्रक्रिया के तहत अतिक्रमण हटाया जाएगा। प्रशासन अगले तीन दिनों के भीतर अभियान शुरू कर सकता है।

## 232 प्रशिक्षु सिपाहियों का दीक्षांत परेड समारोह संपन्न





बीएनएम@ बेतिया

पुलिस केंद्र बेतिया में मंगलवार को सारण जिला बल के 232 प्रशिक्षु सिपाहियों का दीक्षांत परेड समारोह भव्य एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में प्रशिक्षुओं ने अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्ट प्रशिक्षण का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक परेड प्रस्तुत की, जिसने उपस्थित अधिकारियों एवं अभिभावकों को प्रभावित किया। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस उप-महानिरीक्षक, चंपारण क्षेत्र बेतिया हर किशोर राय थे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, पश्चिम चंपारण कुमार गौतम, पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) सहित कई वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने सभी प्रशिक्षु सिपाहियों को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं राष्ट्रसेवा की शपथ दिलाई। साथ ही उन्हें जीवन में सत्य और न्याय के मार्ग पर चलते हुए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संदेश दिया। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया गया। प्रशिक्षुओं के अभिभावकों की उपस्थिति से पुलिस केंद्र का माहौल उत्साह और गौरव से भर गया। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक कुमार गौतम ने सभी नवप्रशिक्षित सिपाहियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी प्रशिक्षु पुलिस विभाग की गरिमा को बनाए रखते हुए पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। दीक्षांत परेड समारोह के सफल आयोजन के साथ 232 प्रशिक्षु सिपाही अब पुलिस सेवा में अपनी नई जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए तैयार हो गए हैं।

# बढ़ती आर्थिक चुनौतियां

वित्त मंत्रालय के मुताबिक तीन कारणों से दुनिया नया आकार ले रही हैः महाशक्तियों में प्रतिस्पर्धा, पश्चिमी गठबंधन में दरार, और मैनुफैक्चरिंग में चीन का वर्चत्व। इसके अनुरूप ढलने के लिए भारत के पास बहुत कम वक्त है। बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आए बदलावों से तालमेल बनाने के लिए भारत के पास एक बहुत छोटी खिड़की मौजूद है। यह बात केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने स्थायी संसदीय समिति के सामने कही। बताया गया कि चीन ने अपने नए कानून के तहत वहां स्थित आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर दिया है। वहां से अपने कारखाने हटाने वाली कंपनियों को वह दंडित कर रहा है। इससे भारत में मैनुफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए अपनाई गई नीति के सामने मुश्किलें खड़ी हुई हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस समय ये तीन परिघटनाएं दुनिया को नया आकार दे रही हैः बड़ी ताकतों में प्रतिस्पर्धा, पश्चिमी गठबंधन में दरार, और मैनुफैक्चरिंग में चीन का प्रभुत्व। मंत्रालय ने कहा कि इन परिवर्तनों पर भारत को अधिक फुर्तीला और रणनीतिक प्रतिक्रिया दिखानी होगी। ऐसा करने के लिए देश के पास 'बहुत छोटा अवसरó है। मंत्रालय ने कहा कि महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा के तहत व्यापार, तकनीक, और वित्त का उपयोग सामान्य लाभ उठाने के बजाय रणनीतिक हितों के मुताबिक किया जा रहा है। इसी क्रम में चीन ने अपने यहां से कारखाना, तकनीक, या विशेषज्ञों को दूसरे देशों में- खासकर भारत ले जाने की राह में कानूनी रुकावट खड़ी कर दी है। भारत में साझा उद्यम या देशी निवेश के तहत लगाए जा रहे कारखानों की इन मामलों में चीन पर निर्भरता रही है। स्पष्टतः ये दोनों परिघटनाएं भारत के लिए चुनौती बनकर आई हैं। हालांकि यूरोप और अमेरिका के बीच पड़ती दरार को वित्त मंत्रालय ने भारत के लिए अवसर के रूप में देखा है, मगर इसका लाभ उठाने के लिए तुरंत खुद को तैयार करने की चुनौती उसके सामने है। मंत्रालय ने माना कि इसके लिए ज्यादा वक्त नहीं है। कहा जा सकता है कि वित्त मंत्रालय को बदल रही दुनिया का सही अहसास है। मगर, नई परिस्थितियों के मुताबिक नजरिए एवं नीतियों में जिस तरह के आमूल परिवर्तन की जरूरत है, उसकी समझ का संकेत उसने नहीं दिया है। क्या बिना घरेलू बाजार के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किए, नए बाहरी हालात का मुकाबला किया जा सकता है- यह बुनियादी सवाल है।

# युद्धविराम से आगेः क्या विश्व अहिंसा की ओर बढ़ेगा ?

**ललित गर्ग**

अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच हाल ही में हुआ युद्धविराम ऐसे समय में सामने आया है, जब पश्चिम एशिया युद्ध की लपटों में घिरकर वैश्विक स्थिरता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका था। कई सप्ताह तक चले संघर्ष ने क्षेत्र को ऐसे ज्वालामुखी में बदल दिया था, जिसकी प्रत्येक विस्फोटक घटना विश्व अर्थव्यवस्था को झकझोर रही थी। तेल बाजारों में भारी उथल-पुथल थी, निवेशकों में घबराहट बढ़ रही थी और वैश्विक मंदी की आशंकाएं गहराने लगी थीं। ऐसे में युद्धविराम ने विश्व को तत्काल राहत तो दी है, लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या यह समझौता स्थायी शांति की नींव बनेगा या केवल अगले युद्ध से पहले का एक अस्थायी विराम सिद्ध होगा? इतिहास साक्षी है कि युद्धविराम और शांति समझौते तभी टिकाऊ सिद्ध होते हैं, जब उनके पीछे केवल सामरिक विवशता नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, पारस्परिक विश्वास और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता भी हो। अन्यथा वे केवल संघर्षों के बीच का अंतराल बनकर रह जाते हैं। पश्चिम एशिया का इतिहास ऐसे असंख्य समझौतों का गवाह है, जो कागजों पर तो बने, लेकिन जमीन पर टिक नहीं सके। इस युद्ध के परिणामों का विश्लेषण किया जाए तो सबसे बड़ा लाभार्थी ईरान दिखाई देता है। अमेरिका और इजरायल के सैन्य दबाव, आर्थिक प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय अलगाव के बावजूद तेहरान न केवल अपने राजनीतिक ढांचे को बचाने में सफल रहा, बल्कि उसने अपने विरोधियों को वार्ता की मेज पर आने के लिए भी बाध्य किया। ईरान अब अपने नागरिकों के समक्ष यह दावा कर सकता है कि उसने दुनिया की सबसे शक्तिशाली सैन्य ताकतों के सामने घुटने नहीं टेके। ईरानी नेतृत्व इसे प्रतिरोध की जीत के रूप में प्रस्तुत करेगा। दूसरी ओर इस संघर्ष ने अमेरिका की अजेयता की छवि को भी चुनौती दी है। वियतनाम, इराक और अफगानिस्तान के बाद यह एक और अवसर है, जिसने यह स्पष्ट किया कि केवल सैन्य शक्ति राजनीतिक परिणाम सुनिश्चित नहीं कर सकती। वाशिंगटन ने दबाव बनाया, अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः उसे वार्ता और समझौते का रास्ता अपनाना पड़ा। इससे यह संदेश गया है कि इक्कीसवीं सदी की दुनिया अब केवल शक्ति संतुलन से नहीं, बल्कि संवाद, कूटनीति और बहुपक्षीय सहयोग से संचालित होगी। इजरायल के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से असहज है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू लंबे समय से ईरान की परमाणु और मिसाइल क्षमताओं को अपने देश के अस्तित्व के लिए खतरा बताते रहे हैं। इजरायल को आशा थी कि युद्ध के माध्यम से ईरान की सामरिक क्षमता को निर्णायक रूप से कमजोर किया जाएगा। किंतु युद्धविराम के बाद ईरान स्वयं को विजेता के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इससे इजरायल के भीतर यह बहस और तीव्र हो सकती है कि क्या क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं की तुलना में महाशक्तियों ने अपने सामरिक हितों को अधिक महत्व दिया। भारत के लिए यह समझौता विशेष महत्व रखता है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए पश्चिम एशिया पर अत्यधिक निर्भर है। युद्ध की स्थिति में तेल आपूर्ति बाधित होने, समुद्री व्यापार मार्गों पर संकट उत्पन्न होने और कीमतों में वृद्धि की आशंका ने भारत की चिंता बढ़ा दी थी। युद्धविराम से तेल कीमतों पर दबाव कम होगा, महंगाई नियंत्रित रहेगी और खाड़ी देशों में कार्यरत लाखों भारतीयों की सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी घटेंगी। लेकिन भारत का महत्व केवल एक उपभोक्ता राष्ट्र के रूप में नहीं है, वह आज वैश्विक शांति के एक नैतिक प्रवक्ता के रूप में भी उभर रहा है।

दरअसल, यह युद्ध एक बड़े प्रश्न को जन्म देता है-क्या मानव सभ्यता युद्धों के सहारे अपने भविष्य का निर्माण कर सकती है? आज महाशक्तियों ने ऐसी विनाशकारी सैन्य क्षमता अर्जित कर ली है कि किसी भी देश की एक छोटी-सी भूल संपूर्ण मानवता को विनाश की ओर धकेल सकती है। परमाणु हथियारों, जैविक अस्त्रों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित युद्ध प्रणालियों के युग में युद्ध अब केवल सीमाओं का प्रश्न नहीं रह गया है, वह समूची मानव सभ्यता के अस्तित्व का प्रश्न बन गया है।

यही कारण है कि आज दुनिया को शक्ति की नहीं, शांति की राजनीति की आवश्यकता है। हिंसा, युद्ध, आतंकवाद और शस्त्रीकरण की प्रतिस्पर्धा ने मानवता को भय, अविश्वास और असुरक्षा के गर्त में धकेल दिया है। यदि विश्व को बचाना है, तो उसे निःशस्त्रीकरण, अहिंसा, सह-अस्तित्व और संवाद की दिशा में आगे बढ़ना ही होगा।

इस संदर्भ में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण बन जाती है। भारत ने सदैव विश्व को शांति, करुणा और अहिंसा का संदेश दिया है। महात्मा गांधी ने कहा था, 'आंख के बदले आंख पूरे विश्व को अंधा बना देगी।' आज यह कथन पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठा है। भारत की सांस्कृतिक चेतना 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के सिद्धांत पर आधारित रही है, जो सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार मानती है। यही कारण है कि भारत ने सदैव युद्ध के स्थान पर संवाद और टकराव के स्थान पर सहमति का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विश्व के अनेक मंचों पर स्पष्ट रूप से कहा है कि 'यह युग युद्ध का नहीं है।' संयुक्त राष्ट्र, जी-20, ब्रिक्स तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि किसी भी समस्या का समाधान युद्ध नहीं, बल्कि वार्ता है। यदि अंततः देशों को बातचीत की मेज पर ही लौटना पड़ता है, तो युद्ध की भयावह कीमत चुकाने की आवश्यकता ही क्या है?

भारत की विदेश नीति आज एक नए स्वरूप में सामने आ रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध हो, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष हो अथवा पश्चिम एशिया का वर्तमान संकट-भारत ने किसी पक्ष विशेष का अंध समर्थन करने के बजाय संतुलन, संवाद और शांतिपूर्ण समाधान की नीति अपनाई है। यही संतुलित दृष्टिकोण भविष्य में भारत को वैश्विक मध्यस्थ की भूमिका निभाने की दिशा में अग्रसर कर सकता है। लेकिन केवल सरकारें ही शांति स्थापित नहीं कर सकतीं। शांति का आधार समाजों, संस्कृतियों और मनुष्यों के भीतर निर्मित होता है। जब तक राष्ट्रवाद आक्रामकता का रूप लेता रहेगा, जब तक हथियार उद्योग युद्धों को लाभ का साधन बनाकर चलता रहेगा और जब तक राजनीतिक नेतृत्व युद्ध को लोकप्रियता अर्जित करने के उपकरण के रूप में उपयोग करता रहेगा, तब तक स्थायी शांति का सपना अधूरा रहेगा।

आज आवश्यकता इस बात की है कि विश्व समुदाय कुछ ठोस कदम उठाए-परमाणु एवं सामरिक हथियारों की होड़ को नियंत्रित किया जाए, संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को अधिक प्रभावी बनाया जाए, अंतरराष्ट्रीय विवादों के समाधान के लिए स्थायी संवाद तंत्र विकसित किए जाएं और शिक्षा प्रणालियों में शांति एवं अहिंसा के मूल्यों को शामिल किया जाए। साथ ही युद्ध अर्थव्यवस्था के स्थान पर मानव कल्याण आधारित विकास मॉडल को प्राथमिकता दी जाए। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच हुआ युद्धविराम निश्चय ही राहत का क्षण है, किंतु इसे स्थायी शांति में परिवर्तित करना अभी शेष है। यदि यह केवल सामरिक पुनर्संरचना का चरण बनकर रह गया, तो भविष्य में और भी अधिक विनाशकारी संघर्षों का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। लेकिन यदि विश्व समुदाय इस अवसर को आत्ममंथन का क्षण मानकर अहिंसा, संवाद और सह-अस्तित्व की नई वैश्विक संस्कृति विकसित करता है, तो यह युद्धविराम मानव इतिहास के एक नए अध्याय का प्रारंभ भी बन सकता है।

दुनिया को आज युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला चाहिए। मानवता के समक्ष यही सबसे बड़ी चुनौती है और यही सबसे बड़ा अवसर भी।

# वेतन से आगेः विकसित भारत के लिए कुशल कार्यबल की तैयारी

**डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम**

कोयंबटूर में काम करने वाले युवा रवि को, जो एक छोटी विनिर्माण इकाई में अपनी पहली औपचारिक नौकरी के छह महीने पूरे कर चुके हैं और हाल ही में अपनी मासिक तनख्वाह के अलावा उन्हें बैंक खाते में 7,500 रुपये मिले। लगातार छह महीने की नौकरी पूरी होने के बाद यह रकम अपने आप जारी कर दी गई। इससे पहले उनका परिवार सिफ़र् अनौपचारिक काम करता था, जिसमें कोई अनुबंध, भविष्य निधि में योगदान या नौकरी का कोई लिखित रिकॉर्ड नहीं होता था। यह पहला मौका था, जब उनकी नौकरी को आधिकारिक तौर पर दर्ज किया गया और उन्हें इस तरह का लाभ मिला।

रवि को मिली यह धनराशि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना (पीएम-वीबीआरवाई) के भाग ए के तहत मिली पहली किस्त है। इस योजना को केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रधानमंत्री के रोज़गार और कौशल पैकेज के हिस्से के तौर पर शुरू किया गया था। इस प्रावधान के तहत, ईपीएफओ में पंजीकृत कंपनियों में पहली बार नौकरी पाने वाले ऐसे कर्मचारी, जिनकी मासिक कमाई 1 लाख रुपये से कम है, उन्हें 15,000 रुपये तक का नकद प्रोत्साहन मिलता है। यह रकम दो किस्तों में दी जाती हैः पहली किस्त लगातार छह महीने की नौकरी के बाद और दूसरी किस्त बारह महीने के बाद। इसके लिए शर्त यह है कि कर्मचारी को ईपीएफओ पोर्टल के ज़रिए वित्तीय साक्षरता का कोर्स पूरा करना होगा और यह राशि बचत के एक साधन में जमा की जाएगी, ताकि कर्मचारी को एक आर्थिक सुरक्षा मिल सके। रवि के लिए, ये छह महीने सिफ़र् योग्यता हासिल करने का समय नहीं थे। ये वो वक्त था, जिसमें उन्होंने अपने काम की जगह को समझा, अपने काम से जुड़ी बुनियादी कौशल और योग्यता सीखी और अपने लिए रोज़गार का एक रिकॉर्ड बनाना शुरू किया, जो पहले कभी नहीं था।

यह समय उनके नियोक्ता के लिए भी अहम था, जो एक छोटी विनिर्माण इकाई थी और उसने अपने विस्तार के तहत रवि को काम पर रखा था। पीएम-वीबीआरवाई के भाग क्च में प्रावधान है कि जो नियोक्ता अपनी मौजूदा बेसलाइन से ज़्यादा रोज़गार पैदा करते हैं, उन्हें हर अतिरिक्त कर्मचारी के लिए हर महीने 3,000 रुपये तक का सरकारी योगदान मिलता है। यह योगदान अलग-अलग क्षेत्रों में दो साल तक और विनिर्माण क्षेत्र में चार साल तक मिलता है। यह योगदान उस शुरुआती लागत का कुछ हिस्सा कवर करता है, जो किसी कंपनी को नए कर्मचारी को रखने पर उठानी पड़ती है, खासकर तब जब ऑनबोर्डिंग और प्रशिक्षण चल रहा होता है और बिना किसी पिछले औपचारिक अनुभव वाला कर्मचारी, धीरे-धीरे कंपनी के लिए लाभप्रद हो रहा होता है। इस शुरुआती लागत को कम करके यह प्रावधान, योजना का दायरा रवि जैसे लोगों को काम पर रखने वाले छोटे व्यवसायों तक बढ़ाता है। उसकी जैसी विनिर्माण इकाईयों के लिए, चार साल की अवधि, जो सामान्य अवधि से दोगुनी है, कंपनियों को ऑटोमेशन में निवेश के साथ-साथ अपने कार्यबल का विस्तार करने के लिए भी प्रोत्साहित करती है।

भारत की जनसांख्यिकीय व्यवस्था को देखते हुए, युवा और बढ़ता कार्यबल 2047 तक विकसित भारत की ओर बढ़ने के लिए रोज़गार-आधारित विकास के ज़रिए आर्थिक विकास को रफ्तार देने का एक मौका देता है। कार्यबल में शामिल होने वाले नए लोग किस सीमा तक औपचारिक रोज़गार में आते हैं, जहाँ उन्हें सामाजिक सुरक्षा और संस्थागत सुरक्षा मिलती है, यह इस बात पर भी असर डालेगा कि परिवारों और समुदायों में विकास का लाभ कैसे मिलता है। पीएम-वीबीआरवाई का मकसद स्वतंत्र भारत से समृद्ध भारत तक के सफ़र को मज़बूत करना है और दो साल में 3.5 करोड़ से ज़्यादा औपचारिक नौकरियाँ पैदा करने के लिए प्रोत्साहन देना है।

इस योजना की शुरूआत से, 60 लाख नए कर्मचारी औपचारिक कार्यबल का हिस्सा बन चुके हैं। इनमें से 43.26 लाख (लगभग 71त्न) 18 से 30 साल की उम्र के हैं और 18.04 लाख (लगभग 30त्न) महिलाएं हैं, जो पहली बार औपचारिक रोज़गार से जुड़ी हैं। ये कर्मचारी विशेष सेवाओं, इंजीनियरिंग, व्यापार, विनिर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य, वस्त्र और आतिथ्य जैसे क्षेत्रों से जुड़े हैं, जो दिखाता है कि कई तरह के औपचारिक संस्थानों में इसे अपनाया गया है।

सिफ़र् प्रोत्साहन राशि के अलावा, पीएम-वीबीआरवाई से रवि को एक ईपीएफओ खाता और एक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर मिला है। इससे वह एक ऐसी व्यवस्था का हिस्सा बन गए हैं, जो भविष्य निधि योगदान, बीमा सुरक्षा और कानूनी रोज़गार लाभ भी देता है। उनके जैसे पहली बार औपचारिक रोज़गार पाने वाले कई लोगों के लिए, यह सामाजिक सुरक्षा कवरेज और एक व्यवस्थित रोज़गार से जुड़ने का एक बेहतर मौका है। लगातार छह महीने तक नौकरी करने की शर्त का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि इस योजना के तहत बनी नौकरियां असल करियर की नींव बनें। लंबे समय तक औपचारिक रोज़गार से कई क्षेत्रों में नौकरियों में काम आने वाला कौशल विकसित होता हैं, पेशेवर तौर-तरीके सीखने को मिलते हैं और भविष्य में नौकरी पाने की क्षमता भी मज़बूत होती है। इससे मिलने वाले फ़ायदे योजना के तहत मिलने वाली मदद की अवधि के बाद भी बने रहते हैं।

रोज़गार के मौके पैदा करना एक अहम नीतिगत लक्ष्य है। उतना ही ज़रूरी यह सुनिश्चित करना भी है कि रवि जैसे कर्मचारी औपचारिक अर्थव्यवस्था में अपनी जगह बनाए रख सकें, जहाँ रोज़गार के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा कवरेज और संस्थागत सुरक्षा भी मिलती है। जैसे-जैसे ज़्यादा युवा कर्मचारी औपचारिक नौकरियों में छह महीने, एक साल और उससे ज़्यादा समय बिताते हैं, कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आता है और छोटे संस्थान भी औपचारिक तरीके से लोगों को काम पर रखने की प्रक्रिया अपनाते हैं। इस योजना के तहत 3.5 करोड़ से ज़्यादा नौकरियां मिलने का अनुमान है और औपचारिक अर्थव्यवस्था का यह धीरे-धीरे बढ़ता दायरा ही वह बदलाव है, जिसे तेज़ी से आगे बढ़ाने के लिए पीएम-वीबीआरवाई को लाया गया है।

(लेखक नीति आयोग के सदस्य हैं)




**मेष राशि** : आज आपके मन में नए-नए विचार आयेंगे। आज घर के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन से रिश्ते में चल रही गलतफहमियां दूर होंगी। यह समय अपने व्यवहार और पिछले समय में की गई गलतियों में सुधार लाने का है। आज आप मजबूती के साथ एक नई शुरुआत करेंगे। आज आप किसी काम के लिए नई योजना पर विचार भी कर सकते हैं, आय के स्रोतों में वृद्धि होने की उम्मीद है। शुभ अंक- 1

**वृष राशिः** आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। आज आपके ऊपर कुछ पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। आज आप किसी धार्मिक कार्य संबंधी योजना बनायेंगे। कही रुक हुआ वापस आज वापस मिल सकता है। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को अपनी पढ़ाई में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा और किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की योजना बनाएंगे। शुभ अंक- 3

मिथुन राशि :आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज कारोबार में छोटी-छोटी बारीकियां समझना जरूरी है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना उचित रहेगा। आज आपकी खास इच्छा पूरी होने की उम्मीद है। ऑफिस में अधिकारियों से मिला सहयोग आपके उत्साह में इजाफा करेगा। संतान संबंधी महत्वपूर्ण कार्य आज संपन्न हो सकता है, आपको अच्छा लगेगा। आज ससुराल पक्ष से शुभ सूचना मिलने के योग बने हुए हैं। शुभ अंक- 4

**कर्क राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर के रखरखाव अथवा नवीनीकरण संबंधी योजना बना सकते है। आज आपकी संतान को सफलता मिलने से घर में खुशियां बढ़ेंगी, बच्चों के बेहतर करियर के लिए आज आप किसी अच्छे एक्सपर्ट से सलाह ले सकते है। आज आपको जमीन जायदाद लेने के सिलसिले में भागदौड़ करनी पड़ सकती है। शुभ अंक- 8

**सिंह राशि** : आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज ऑफिशियल काम से कहीं बाहर यात्रा करनी पड़ेगी और बॉस आपके जिम्मेदाराना स्वभाव से बहुत प्रभावित होंगे। भविष्य को लेकर बनाई योजनाएं आज कारगर साबित होंगी। आज आपको पुराने दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिल सकता है। शुभ अंक- 7

**कन्या राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज बाहरी लोगों का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत तथा पारिवारिक जीवन में न होने दे। आज घर पर मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिससे लोगों का आना जाना लगा रहेगा। स्टूडेंट्स को आज टीचर द्वारा विशेष मार्गदर्शन मिलेगा। आज आप कम्प्यूटर कोर्स सीखने का मन बनायेंगे, इस पर माता के साथ विचार विमर्श कर सकते है। शुभ अंक- 4

**तुला राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा की गतिविधियों से राहत पाने के लिए कुछ समय अपने लिए भी जरूर निकालें। आज आप अपनी पारिवारिक व व्यावसायिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। आज आपके मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी। विद्यार्थियों का पढ़ाई में ध्यान लगा रहेगा। शुभ अंक- 9

**वृश्चिक राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज पारिवारिक जीवन में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आर्थिक स्थिति को बेहतर करने का प्रयास सफल रहेगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से आपका प्रशासनिक कार्य पूरा हो जायेगा।आज नये बिजनेस की प्लानिंग करेंगे, जिसमे आपको ज्यादा लाभ मिलने वाला है। शुभ अंक- 6

**धनु राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज व्यवस्थित दिनचर्या बनी रहेगी। प्रॉपर्टी संबंधी मामला रुका हुआ है तो उसको हल करने का उचित दिन है, साथ ही आज किसी खास व्यक्ति द्वारा आपको उचित सलाह भी मिलेगी। आपके सहज और उत्तम स्वभाव की वजह से लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे। शुभ अंक- 2

**मकर राशि** : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पिछले कुछ समय से आपके जीवन में चल रही समस्याओं से आज राहत मिलेगी। व्यक्तित्व को निखारने के लिए किये गये प्रयास का आज अच्छा परिणाम सामने आएगा। लोहे या किसी धातु का कारोबार करने वालों को आज दोगुना मुनाफा होने के आसार नजर आ रहे है। अगर आप जीवनसाथी के साथ रिश्तों में संतुलन बना कर चलेंगे, तो आपके रिश्ते मजबूत होंगे। शुभ अंक- 1

**कुंभ राशि** : आज आप अपने कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। आज आपको किसी समारोह अथवा सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा। इस समय कई खर्चे सामने आएंगे साथ ही आय के स्त्रोत भी बढ़ने से आर्थिक समस्या नहीं होगी। आज आपकी शिक्षा अथवा करियर से समस्त व्यवधान खत्म हो जाएंगे। शुभ अंक- 6

**मीन राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आप एक नया टेक्निकल वर्क सीख सकते है, जिसका आपको भविष्य में बेहतर लाभ होगा। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का उनकी मनपसंद जगह पर ट्रांसफर होने की संभावना बन रही है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, किसी प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। इस राशि के लेखकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। शुभ अंक- 2

# शोध आलेखः सशक्त युवा, सशक्त राष्ट्रः 2047 तक विकसित भारत के लिए भारत का दृष्टिकोण

**राजेश अग्रवाल**

2014 और 2026 के बीच, सरकार ने शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता, खेल, स्वास्थ्य और नागरिक भागीदारी जैसे क्षेत्रों में युवाओं पर केंद्रित कई पहल शुरू कीं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और युवाओं के नेतृत्व वाले विकास के विज़न के आधार पर, सरकार ने शिक्षा तक पहुँच बढ़ाई, उच्च शिक्षा को मजबूत किया और कौशल विकास व रोजगार के अवसर बढ़ाए। भारत के स्टार्टअप तंत्र में भी इजाफा हुआ, जिसमें 2.3 लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप शामिल हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म, समावेशी कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से, देश के युवा अमृत पीढ़ी के रूप में उभरे हैं और विकसित भारत ञ्च 2047 के विज़न में योगदान दे रहे हैं।

अमृत पीढ़ी का उदय : अपनी लगभग 65 प्रतिशत आबादी के 35 वर्ष से कम उम्र के होने के कारण, भारत अपने इतिहास के एक अहम मोड़ पर है। सरकार इस जनसांख्यिकीय लाभांश की अपार क्षमता को पहचानती है। पिछले 12 वर्षों में, देश ने युवाओं के साथ सरकार के जुड़ाव के तरीके में एक बुनियादी बदलाव देखा है। यह दौर भारत के युवाओं को राष्ट्रीय विकास की ताकत में बदलने के लिए किए गए व्यवस्थित और परिवर्तनकारी प्रयासों को दर्शाता है। यह बदलाव शिक्षा, कौशल विकास, खेल और उद्यमिता सहित हर क्षेत्र में दिखाई देता है। युवाओं को अब केवल निष्क्रिय लाभार्थी नहीं माना जाता, बल्कि उन्हें अमृत पीढ़ी के रूप में पहचाना जाता है। वे विकसित भारत ञ्च 2047 के मुख्य निर्माता और सह-रचनाकार के रूप में उभरे हैं।

युवाओं के नेतृत्व वाले विकास पर ध्यानः पिछले दशक में युवाओं के विकास के प्रति भारत के नज़रिए में काफ़ी बदलाव आया है, जो युवा और गतिशील आबादी की बदलती आकांक्षाओं और ज़रूरतों को दर्शाता है। राष्ट्रीय युवा नीति (एनवाईपी) 2014 ने देश में युवाओं के विकास के लिए बुनियादी ढांचा तैयार किया। इसमें 15-29 साल के लोगों को युवा माना गया और शिक्षा, रोज़गार, कौशल विकास, स्वास्थ्य, खेल, सामाजिक भागीदारी और सशक्तिकरण जैसे अहम क्षेत्रों की पहचान की गई। इसका मुख्य ज़ोर पहुँच, समावेश और संस्थागत मज़बूती पर था। इसी बुनियाद को आगे बढ़ाते हुए, सरकार ने हाल के वर्षों में युवाओं के नेतृत्व वाले विकास का विज़न पेश किया है। इसमें युवाओं को सिफ़र् सरकारी कार्यक्रमों का लाभार्थी के तौर पर नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय साझेदार के तौर पर देखा गया है। हाल ही में प्रस्तावित राष्ट्रीय युवा नीति 2025 का ढांचा भविष्य के लिए ज़रूरी कौशल, उद्यमिता, नेतृत्व, नागरिक भागीदारी, डिजिटल भागीदारी और टिकाऊ विकास जैसी उभरती प्राथमिकताओं पर और ज़ोर देता है।

शिक्षाः हर युवा भारतीय के लिए गुणवत्ता, पहुँच और सशक्तिकरणः हाल के वर्षों में शिक्षा के प्रति भारत का नज़रिया काफ़ी बदला है। अब ध्यान सिफ़र् पहुँच बढ़ाने से हटकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रित हो गया है। शिक्षा अब शहरों तक ही सीमित न रहकर दूर-दराज़ के इलाकों तक पहुँच रही है, ताकि सभी को समान अवसर मिल सकें। भारत के युवाओं के लिए सर्वांगीण और भविष्य के लिए तैयार करने वाली शिक्षा सुनिश्चित करने पर ज़ोर दिया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) इस बदलाव का मुख्य आधार है। यह देश भर के हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार की गई पहली व्यापक शिक्षा नीति है। यह नीति सीखने वाले को व्यवस्था के केंद्र में रखती है और अनुभव-आधारित तथा बहु-विषयक शिक्षा को बढ़ावा देती है। एनईपी अमृत पीढ़ी को सशक्त बनाने और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में अहम भूमिका निभा रही है।

स्कूलों को मज़बूत बनानाः बुनियादी ढाँचा, समावेश और छात्रों को बनाए रखनाः पिछले दशक में, सरकार ने युवा सशक्तिकरण और उच्च शिक्षा की नींव के तौर पर स्कूली शिक्षा को मज़बूत किया है। एनईपी 2020 के अनुरूप, स्कूली शिक्षा को प्री-प्राइमरी से लेकर सीनियर सेकेंडरी स्तर तक एक एकीकृत और निरंतर प्रक्रिया के रूप में नए सिरे से तैयार किया गया है। वर्ष 2025-26 तक, 1.49 लाख से ज़्यादा स्कूलों को सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) और डिजिटल पहलों के दायरे में लाया गया है, साथ ही, 1.76 लाख से अधिक स्मार्ट क्लासरूम और 1.79 लाख आईसीटी प्रयोगशालाओं को मंजूरी दी गई है। अलग-अलग सामाजिक और भौगोलिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं को शामिल करने और उन्हें पढ़ाई से जोड़े रखने पर खास ज़ोर दिया गया है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) और नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालयों (एनएससीबीएवी) जैसी आवासीय स्कूली सुविधाओं ने लड़कियों और सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों वाले छात्रों, खासकर दूर-दराज़ और चुनौतीपूर्ण इलाकों में रहने वालों के लिए शिक्षा तक पहुँच को बेहतर बनाया है। इन कोशिशों के साथ-साथ, पीएम-जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) जैसी पहलों के तहत हॉस्टल सुविधाओं ने आदिवासी समुदायों के लिए शिक्षा के मौकों को बढ़ाया है। इन उपायों से सभी स्कूली स्तरों पर दाखिले में सुधार हुआ है और स्कूल छोड़ने वालों की दर में कमी आई है, जिससे ज़्यादा भारतीय युवा माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा पूरी कर पा रहे हैं।

भविष्य के लिए तैयार उच्च शिक्षाः मज़बूती, तकनीक और नवाचारः नई शिक्षा नीति ने उच्च शिक्षा तक पहुँचने और उसे देने के तरीके में बुनियादी बदलाव किए हैं। भारतीय युवा अब एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था के ज़रिए सशक्त हो रहे हैं, जो ज़्यादा सशक्त, डिजिटल रूप से सक्षम और नवाचार पर आधारित है।

सीखने में सुधारः एनईपी 2020 ने ऐसे संरचनात्मक सुधार किए हैं, जो युवाओं को उनकी शैक्षणिक यात्रा पर ज़्यादा नियंत्रण प्रदान करते हैं। * नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ), जिसे 170 विश्वविद्यालयों ने अपनाया है, छात्रों को अकादमिक, कौशल आधारित और अनुभव-आधारित शिक्षा के ज़रिए क्रेडिट जमा करने की सुविधा देता है।

* एकेडमिक बैंक ऑफ़ क्रेडिट्स (एबीसी) ने 2,469 संस्थानों को अपने साथ जोड़ा है और 32 करोड़ से ज़्यादा स्टूडेंट आईडी जारी किए हैं। यह छात्रों को अपनी अकादमिक प्रगति खोए बिना अलग-अलग संस्थानों में क्रेडिट जमा करने, ट्रांसफर करने और रिडीम करने की सुविधा देता है।

* ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (अपार आईडी) छात्र की सीखने की यात्रा के दौरान हासिल किए गए अकादमिक और कौशल क्रेडिट को इक_ा करती है। 31 मार्च, 2026 तक, छात्रों के लिए 15.48 करोड़ से ज़्यादा वेरिफाइड अपार आईडी बनाए जा चुके हैं।

* अब 153 विश्वविद्यालय साल में दो बार एडमिशन और कई एंट्री/एक्जिट पॉइंट की सुविधा देती हैं। यह सुविधा 2035 तक उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत ग्रॉस एनरोलमेंट रेश्यो (जीईआर) का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में एक अहम कदम है।

शिक्षा में तकनीक और नवाचारः गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच बढ़ाने के लिए, सरकार ने एक मज़बूत डिजिटल लर्निंग व्यवस्था बनाई है। जून 2026 तक, स्वयं ने 18,580 से ज़्यादा पाठ्यक्रम प्रदान किए हैं, जिसमें 6.1 करोड़ से ज़्यादा नामांकन और 53.7 लाख प्रमाणीकरण दर्ज किए गए हैं। स्वयंप्रभा, पीएम ई-विद्या और दीक्षा टेलीविज़न, रेडियो, डिजिटल कंटेंट और ई-संसाधनों के ज़रिए सीखने के अवसरों को और बढ़ाया है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# पूर्व कप्तान मिताली राज का सुझावः हरमनप्रीत नंबर चार पर, जेमिमा रोड्रिग्स नंबर पांच पर खेलें

**एजेंसी, मैनचेस्टर**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने टीम के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव का सुझाव दिया है। मिताली का मानना है कि कप्तान हरमनप्रीत कौर को नंबर चार पर बल्लेबाजी करनी चाहिए, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स को नंबर पांच पर उतारा जाना चाहिए। मिताली ने ये बात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार को देखते हुए कही है। इससे सेमीफाइनल में पहुंचने की भारतीय टीम की उम्मीदों को झटका लगा है, क्योंकि अब उन्हें अपने शेष सभी मैच जीतने होंगे। मिताली ने कहा कि अब भारतीय टीक को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया को हराने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह मैच भारत के जीतने लायक था, लेकिन अब आगे का रास्ता मुश्किल है। बल्लेबाजी क्रम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, हमने हरमनप्रीत को नंबर 5 पर इतनी देर से बल्लेबाजी करते हुए बहुत कम देखा है। इसलिए, शायद वह नंबर चार पर और जेमिमा नंबर पांच पर आ सकती हैं। उन्होंने जेमिमा को नंबर पांच पर भेजने को लेकर कहा, जेमिमा पहले भी नंबर पांच पर खेल चुकी हैं और वहां उन्होंने काफी रन बनाए हैं। जब वह बल्लेबाजी के लिए आएंगी, तो संभावना है कि उन्हें स्पिनरों का सामना करना पड़े, जो उनकी ताकत है। वह अपने पैरों का इस्तेमाल कर सकती हैं और स्कूप और स्वीप शॉट अच्छे से खेलती हैं। मिताली का मानना है कि इस बदलाव से जेमिमा का आत्मविश्वास बढ़ सकता है, वह लय में वापस आ सकती हैं और वह मोमेंटम दोबारा हासिल कर सकती हैं, खासकर अगर हरमनप्रीत उनसे पहले बल्लेबाजी करें। मिताली ने बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरानी की अनुशासित गेंदबाजी को इस मैच में भारत के लिए सबसे सकारात्मक पहलू बताया। चरानी ने एक ही ओवर में दो विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को दबाव में ला दिय था। और बाद में एक और महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर अपना शानदार स्पेल समाप्त किया। पूर्व कप्तान ने चरानी की तारीफ करते हुए कहा, श्री चरानी जल्दी सीखने वाली खिलाड़ी हैं। उन्होंने इंग्लिश कंडीशंस में डेब्यू किया था, इसलिए उन्हें वहां के हालात की अच्छी जानकारी है। उन्होंने बताया कि पिच से ज्यादा टर्न न मिलने के बावजूद, चरानी ने लगातार स्टंप्स पर अटैक किया, पेस और लेंथ में बदलाव किए, और अपनी पसंद के हिसाब से फील्ड सेट की। चरानी के दो बड़े विकेट ने भारत को खेल में वापस ला दिया था, और दूसरे स्पेल में भी उनकी लाइन बहुत सटीक थी।


## वाइल्ड कार्ड के जरिये विंबलडन में वापसी करेंगी सेरेना : ऑल इंग्लैंड क्लब



**एजेंसी, लंदन।** अमेरिका की अनुभीव महिला टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स 44 साल की उम्र में विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में वापसी करने जा रही हैं। इसके लिए उन्हें वाइल्ड कार्ड के जरिये प्रवेश दिया गया है। सेरेना ने साल 2022 में खेल से संन्यास ले लिया था। वहीं अब वह चार साल खेल से दूर रहने के बाद फिर से कोर्ट में नजर आयेंगी। पिछले कुछ दिनों से उनकी वापसी की अटकलें थी जो अब सही साबित हुई हैं। ऑल इंग्लैंड क्लब ने अपने एक बयान में सब कुछ साफ कर दिया है सेरेना 29 जून से शुरु हो रहे विंबलडन में खेलेंगी। ऑल इंग्लैंड क्लब ने अपने एक बयान में कहा, ''सेरेना को महिला एकल वर्ग में अंतिम वाइल्ड कार्ड दिया गया है।'' सेरेना इस तरह से विंबलडन में एकल और युगल दोनों ही वर्ग में खेलेंगी। उन्होंने पहले ही अपनी बड़ी बहन वीनस के साथ युगल प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड हासिल कर लिया है।'' डब्ल्यूटीए टूर ने कहा, ''विंबलडन ने महिला एकल वर्ग में आठवें और अंतिम वाइल्ड कार्ड को सेरेना के लिए बचाये रखा था। इसी सप्ताह की शुरुआत में बर्लिन में युगल मैच हारने के बाद ऐसा लग रहा था कि वह इस फैसले को लेकर दुविधा में हैं। ''सेरेना ने अंतिम समय तक अपने खेलने को लेकर संशय बनाए रखा था, क्योंकि जब एक पत्रकार ने उनसे पूछा था कि क्या वह एकल मुकाबले में वापसी करेंगी तो उन्होंने जवाब दिया था, ''क्या आपको लगता है कि मैं एकल मुकाबले के लिए तैयार हूं.'' गौरतब है कि अपने करियर में सेरेना ने एकल में 23 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं. इनमें से सात विंबलडन खिताब शामिल हैं। उन्होंने 2002, 2003, 2009, 2010, 2012, 2015 और 2016 में विंबलडन खिताब जीता है। उन्होंने युगल में भी वीनस के साथ 14 ग्रैंड स्लैम जीते हैं। इनमें से छह विंबलडन में जीते हैं। सेरेना ने 2012 के लंदन ओलंपिक में एकल और युगल में वीनस के साथ दोनों खिताब जीते थे, जब टेनिस प्रतियोगिता ऑल इंग्लैंड क्लब में खेली गई थी।

## आईपीएल : ऋषभ पंत की दिल्ली में वापसी, कुलदीप यादव बने लखनऊ का हिस्सा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2027 सत्र से पहले बड़ा बदलाव देखने को मिला है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत एक बार फिर दिल्ली कैपिटल्स में लौट आए हैं, जबकि बाएं हाथ के कलाई स्पिनर कुलदीप यादव अब लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की ओर से खेलेंगे। आईपीएल की ओर से मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि इस अदला-बदली के तहत पंत को 15 करोड़ रुपये के अनुबंध पर दिल्ली ने अपने साथ जोड़ा है, जबकि कुलदीप यादव 13.5 करोड़ रुपये के अनुबंध के साथ लखनऊ टीम का हिस्सा बने हैं। ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। उन्हें 2025 की मेगा नीलामी में लखनऊ ने 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। अब वह कम राशि पर अपनी पुरानी टीम दिल्ली में वापसी कर रहे हैं। यह लगातार दूसरा बड़ा मामला है, जब किसी स्टार खिलाड़ी ने टीम बदलने के साथ कम राशि वाले अनुबंध को स्वीकार किया है। इससे पहले 2026 सत्र से पहले हुए बड़े बदलाव में ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और संजू सैमसन की अदला-बदली चर्चा में रही थी। दूसरी ओर, लखनऊ सुपर जायंट्स को कुलदीप यादव के रूप में एक अनुभवी स्पिन गेंदबाज मिला है। उत्तर प्रदेश के रहने वाले कुलदीप अब अपने गृह राज्य की आईपीएल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। दिल्ली के लिए खेलते हुए उन्होंने 2022 से अब तक 65 मैचों में 72 विकेट लिए और अपनी नियंत्रित गेंदबाजी से टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

## चोटिल नितीश रेड्डी आयरलैंड और इंग्लैंड टी-20 श्रृंखला से बाहर, शेडगे को मौका

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को आगामी आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं से पहले बड़ा झटका लगा है। हरफनमौला खिलाड़ी नितीश कुमार रेड्डी चोट के कारण दोनों श्रृंखलाओं से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह युवा खिलाड़ी सूर्यांश शेडगे को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार नितीश कुमार रेड्डी को 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मुकाबले के बाद बाईं जांघ (क्वाड्रिसेप्स) में असहजता महसूस हुई थी। इसके बाद चिकित्सकीय जांच कराई गई, जिसमें बोर्ड की चिकित्सा टीम ने उन्हें पुनर्वास (रिहैबिलिटेशन) की सलाह दी। इसी कारण उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली दोनों टी-20 श्रृंखलाओं से बाहर कर दिया गया। उनके स्थान पर चयनकर्ताओं ने सूर्यांश शेडगे को टीम में शामिल करने का निर्णय लिया। सूर्यांश ने हाल ही में श्रीलंका में सम्पन्न भारत 'ए' त्रिकोणीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया था। मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने पांच मुकाबलों में 147 रन बनाए और गेंदबाजी में भी योगदान देते हुए पूरे टूर्नामेंट में 23 ओवर डाले। इसके अलावा सूर्यांश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024–25 में भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया था।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे अधिक बार शून्य पर आउट हुए सचिन

**एजेंसी, मुम्बई**



महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कई रिकार्ड है। सचिन ने सभी टीमों के खिलाफ जमकर रन बनाये हैं। उनके बल्ले से किसी गेंदबाज का बचना असंभव रहा है। इसके बाद भी कई बार ऐसा भी हुआ है जब सचिन खाता नहीं खोल पाये हों। हैरान की बात ये है कि वह सबसे अधिक उन्हें शून्य पर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड नहीं बल्कि वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने आउट किया है। आंकड़ों पर नजर डालें तो सचिन अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में सबसे अधिक बार वेस्टइंडीज के खिलाफ 8 बार शून्य पर आउट हुए हैं। वहीं पाकिस्तान के खिलाफ 7 बार और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 बार बिना वह शून्य पर आउट हुए। न्यूजीलैंड के खिलाफ भी वह 5 बार खाता नहीं खोल पाये थे। वहीं कुछ टीमें ऐसी भी रहीं जिनके गेंदबाज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सचिन को कभी शून्य पर आउट नहीं कर पाए। इनमें बांग्लादेश 19 मैच, बरमूडा 1 मैच, इंग्लैंड 19 मैच, आयरलैंड 2 मैच, केन्या 10 मैच, नामिबिया 1 मैच, नीदरलैंड 2 मैच, यूएई 2 मैच शामिल हैं। सचिन ने अपने 24 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में कुल 664 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले. इसमें वह तीनो प्रारुपों को मिला दिया जाये तो कुल 34 बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शून्य पर आउट हुए हैं। सचिन के करियर के ओवरऑल रिकॉर्ड्स को देखा जाए, तो वे टेस्ट मैचों की तुलना में एकदिवसीय क्रिकेट में ज्यादा बार जीरो पर आउट हुए हैं।

# बिजनेस

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में रिकवरी का रुख, गिरावट के बाद संभले सेंसेक्स और निफ्टी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



घरेलू शेयर बाजार आज शुरुआती कारोबार के दौरान मामूली मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की कमजोरी और बढ़ गई। हालांकि थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इन दोनों सूचकांकों ने रिकवरी कर हरे निशान में जगह बना ली। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत प्रतिशत और निफ्टी 0.08 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, सिप्ला, सन फार्मास्यूटिकल, श्रीराम फाइनेंस और अपोलो हॉस्पिटल के शेयर 2.75 प्रतिशत से लेकर 0.86 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, इंफोसिस, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, टीसीएस, एचसीएल टेक्नोलॉजी और विप्रो के शेयर 2.83 प्रतिशत से लेकर 1.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभीतक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,779 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,555 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,224 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 11 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 शेयर हरे निशान में और 19 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 8.02 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 77,086.05 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण यह सूचकांक गिर कर 76,878.66 अंक के स्तर तक आ गया। इसके तुरंत बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में सुधार होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी देर में ही यह सूचकांक रिकवरी कर हरे निशान में पहुंचने में सफल रहा। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 69.34 अंक की बढ़त के साथ 77,163.41 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने भी आज 31.60 अंक फिसल कर 24,071.30 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण थोड़ी देर में ही यह सूचकांक टूट कर 24,040.05 अंक के स्तर तक गिर गया। इसके बाद खरीदारों में लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक ने रिकवर करना शुरू कर दिया। खरीदारी के सपोर्ट से पहले आधे घंटे के कारोबार में ही यह सूचकांक उछल कर हरे निशान में पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 19.65 अंक की बढ़त के साथ 24,122.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 291.17 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ 77,094.07 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 89.80 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की उछाल के साथ 24,102.90 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

## बजाज कैपिटल ने जय बजाज को प्रबंध निदेशक एवं सीईओ नियुक्त किया



**एजेंसी, नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा कंपनी बजाज कैपिटल ने मंगलवार को जय बजाज को प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने का ऐलान किया। कंपनी ने कहा कि पिछले 60 वर्ष से अधिक की भरोसेमंद विरासत को आगे बढ़ते हुए बजाज कैपिटल खुद को प्रौद्योगिकी-सक्षम और अंतर्दृष्टि-आधारित वित्तीय परामर्श संगठन में बदलने की दिशा में तेजी आगे बढ़ रही है। कंपनी ने कहा कि भविष्य में बजाज कैपिटल वित्तीय तैयारी, व्यक्तिगत सेवानिवृत्ति योजना और बेहतर ग्राहक अनुभव पर केंद्रित नई डिजिटल पहल शुरू करेगी। इस परिवर्तन के साथ बजाज कैपिटल का लक्ष्य अपनी अग्रणी विरासत को मजबूत करना तथा ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक संबंधों को और सुदृढ़ बनाना है। साथ ही उनके जीवन के हर महत्वपूर्ण चरण में एक भरोसेमंद वित्तीय भागीदार बनना है।

## सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च हुआ एडविट ज्वेल्स का आईपीओ, एक जुलाई को हो सकती है लिस्टिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



रामभजो ब्रांड से ज्वेलरी का उत्पादन करने वाली कंपनी एडविट ज्वेल्स का 165.16 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 25 जून तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 29 जून को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 30 जून को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर एक जुलाई को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 130 रुपये से लेकर 138 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 100 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट यानी 100 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 13,800 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,93,200 रुपये के निवेश से अधिकतम 14 लॉट में 1,400 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 1,19,68,000 नए शेयर बेचे जा रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 49.98 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 35.01 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 15.01 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए होलानी कंसलटेंट्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। एडविट ज्वेल्स की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 10.39 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 14.71 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 25.37 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीने यानी अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 25.44 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 46.60 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 69.45 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 124.94 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीने यानी अप्रैल से 31 दिसंबर 2025 तक कंपनी को 123.80 करोड़ का राजस्व प्राप्त हो चुका था। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ भी लगातार बढ़ता गया। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 5.84 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 19.70 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 74.80 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला वाटरवेज लीजर टूरिज्म का आईपीओ, 25 जून तक लगा सकते हैं बोली

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश की सबसे बड़ी समुद्री क्रूज ऑपरेटर कंपनियों में से एक वाटरवेज लीजर टूरिज्म लिमिटेड का 585 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 25 जून तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 29 जून को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 30 जून को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर एक जुलाई को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 769 रुपये से लेकर 808 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 18 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट यानी 18 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,544 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,89,072 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 234 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 72,40,099 नए शेयर बेचे जा रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए न्यूनतम 75 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए अधिकतम 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए सेंट्रम ब्रोकिंग लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि एमयूजीएफ इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है।

## सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी में बदलाव नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। हालांकि चेन्नई में सोने के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भाव में आई तेजी के कारण आज चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सर्राफा बाजार में सोना 420 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 450 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। चांदी के भाव में भी आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,46,520 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,48,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,34,310 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,35,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,46,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,46,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## भारत-अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर बातचीत शुरू की

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत और अमेरिका ने मंगलवार को अपने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत शुरू की। दोनों देशों के बीच यह बैठक वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के मुख्यालय वाणिज्य भवन में चल रही है। इस वार्ता का नेतृत्व केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर कर रहे हैं। दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की शुरुआत की। ये बैठक इस महीने की शुरुआत (2-4 जून) में राष्ट्रीय राजधानी में समझौते को लेकर मुख्य वार्ताकारों के स्तर पर हुई बातचीत के बाद हो रही है। इससे पहले राजेश अग्रवाल ने 15 जून को कहा था कि दोनों मंत्रियों के बीच बातचीत मुख्य रूप से फ्रेमवर्क समझौते को अंतिम रूप देने पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन भी इस बैठक में शामिल हैं।इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 'एक्स' पर एक जारी पोस्ट में कहा कि भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से वाणिज्य विभाग अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीर, भारत में अमेरिका के एंबेसडर सर्जियो गोर और उनके प्रतिनिधिमंडल का हार्दिक स्वागत है। हम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर सार्थक चर्चा की उम्मीद कर रहे हैं।

फिल्म

# अल्लू अर्जुन की राका कब देगी सिनेमाघरों में दस्तक? रिलीज पर बन रही ये योजना



अ अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म राका को लेकर लोगों के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। फिल्म के निर्देशन की कमान एटली ने संभाली है, जो जवान, थेरी और बेबी जॉन जैसी फिल्में दे चुके हैं। अभिनेता का पहला पोस्टर कुछ महीने पहले सोशल मीडिया पर जारी किया गया था। अब फिल्म की रिलीज तारीख को लेकर ताजा अपडेट आया है, जिसके अनुसार निर्माताओं की नजरें 2027 पर टिकी हैं। हालांकि, आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।
रिपोर्ट के अनुसार, निर्माता दिसंबर, 2027 तक राका को रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।

अगर सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ, तो इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शूटिंग इस साल के आखिर तक पूरी हो सकती है। इससे पहले खबर थी कि दौड़-भाग से बचने के लिए अल्लू मुंबई में शिफ्ट होंगे। रिपोर्ट में कहा गया था कि राका में गहन एकाग्रता की जरूरत है, इसलिए बार-बार यात्रा करना अभिनेता के लिए चुनौती बन सकता है। राका में अल्लू के साथ पहली बार दीपिका पादुकोण मुख्य किरदार में नजर आएंगी। उनके अलावा, मृणाल ठाकुर, रश्मिका मंदाना और जाह्नवी कपूर फिल्म में अहम किरदार निभाती दिखाई देंगी। फिल्म का निर्माण सन पिक्चर्स कर रहा है और इसका बजट लगभग 700 करोड़ रुपये से ज्यादा बताया जा रहा है। टीम मुंबई के एक स्टूडियो में जल्द ही शूटिंग शेड्यूल शुरू करेगी। राका के अलावा अल्लू के पास लोकेश अनगराज की अनाम फिल्म और पुष्पा 3 भी है।



# समांथा रुथ प्रभु की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर उड़ाए गर्दे

## इन दो फिल्मों को पछाड़ा, दूसरे दिन किया इतना कलेक्शन

मां मां इंटी बंगाराम में समांथा रुथ प्रभु लीड रोल निभा रही हैं. ये एक वुमेन लीड फिल्म है. इस फिल्म को बहुत सराहा जा रहा है. इस एक्शन-कॉमेडी ड्रामा ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की और रिकॉर्ड भी अपने नाम किया. आइए जानते हैं फिल्म के कलेक्शन के बारे में. सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने दूसरे दिन 7.50 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म को 2591 शोज मिले. फिल्म को 44.6 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म ने दूसरे दिन तमिल में 35 लाख कमाए. वहीं तेलुगू में फिल्म ने 7.15 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म ने पहले दिन 5.35 करोड़ कमाए. फिल्म को पहले दिन 2600 शोज मिले और 31.9 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म ने टोटल 12.85 करोड़ का बिजनेस कर लिया है. फिल्म ने ग्रॉस 14.90 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म ने ओवरसीज मार्केट में 10.60 करोड़ कमाए. वर्ल्डवाइड फिल्म ने 25.50 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म ने फीमेल लीड यशोदा और गार्गी को भी पछाड़ दिया है. यशोदा ने पहले दिन 3.06 करोड़ कमाए. दूसरे दिन 3.64 करोड़ कमाए थे. वहीं गार्गी की बात करें तो फिल्म ने पहले दिन 40 लाख और दूसरे दिन 62 लाख की कमाई की. फिल्म को नंदिनी रेड्डी ने डायरेक्ट किया है. वहीं



राज निदिमोरु ने क्रिएट किया है. फिल्म को समांथा, राज और हिमांक रेड्डी ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म को पॉजिटिव रिव्यूज मिले हैं और पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ का फायदा आगे भी मिलने की उम्मीदें हैं. फिल्म में समांथा रुथ प्रभु ने लीड रोल निभाया है. फिल्म में उन्हें एक्शन करते देखा गया है.बता दें कि समांथा इन दिनों पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में हैं. हाल ही में खबरें आईं कि समांथा प्रेग्नेंट हैं. वो दिसंबर में बेबी को जन्म देने वाली हैं. शनिवार को उनकी कुछ फोटोज भी सामने आईं जिनमें उनका बेबी बंप भी नजर आया. एक्ट्रेस ने इसे लेकर ऑफिशियली रिएक्ट नहीं किया है. समांथा ने 2025 में राज निदिमोरु संग शादी की.

# झुमके, बिंदी...और मुस्कान

## साड़ी में कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिखीं मौनी रॉय



अ अभिनेत्री मौनी रॉय इन दिनों वेब सीरीज अब होगा हिसाब को लेकर सुर्खियों में हैं। यह सीरीज 8 जून को एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई है। मौनी के अलावा इसमें शाहीर शेख और संजय कपूर भी हैं। इस बीच मौनी अपने साड़ी लुक को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। मौनी रॉय ने आज शनिवार को अपनी कुछ खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। वे साड़ी पहने स्टाइलिश पोज देती दिख रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, हमेशा एक साड़ी वाली लड़की। मौनी रॉय गोल्डन कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं, जिसे उन्होंने लाल रंग के ब्लाउज के साथ कैरी किया है। इसके साथ उन्होंने छोटी सी लाल बिंदी और मैचिंग झुमकों से लुक कंपलीट किया है। मौनी रॉय का हेयरस्टाइल भी उनके लुक में चार चांद लगा रहा है। उन्होंने बालों को खुला रखा है। लहराती हुई जुल्फों के साथ पोज देते हुए मौनी बला की खूबसूरत लग रही हैं। मौनी रॉय की तस्वीरों पर नेटिजंस के ढेर सारे रिएक्शन आ रहे हैं। यूजर्स उन्हें भारतीय कल्चर का चांद कह रहे हैं तो कोई लिख रहा है, आपके ऊपर सभी लिबास अच्छे लगते हैं, मगर साड़ी की बात ही अलग है। मौनी की निजी जिंदगी की बात करें तो पति सूरज नांबियार के साथ उनका सेपरेशन हो गया है। बता दें कि दोनों ने साल 2022 में गोवा में शादी की थी।

# गिप्पी ग्रेवाल की फिल्म कैरी ऑन जट्टा 4 का ट्रेलर जारी, हंसी से कर देगा लोटपोट

पं पंजाबी सिनेमा के जाने-माने एक्टर गिप्पी ग्रेवाल अपनी सुपरहिट कॉमेडी फ्रैंचाइजी कैरी ऑन जट्टा की चौथी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका दर्शक बड़े ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. स्मीप कांग इस फिल्म के डायरेक्टर हैं. अब फाइनली फिल्म कैरी ऑन जट्टा 4 का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. कॉमेडी से भरपूर इस ट्रेलर को लोग काफी पसंद कर रहे हैं. ट्रेलर की शुरुआत गुरप्रीत गुग्गी से होती है, जो जसविंदर भल्ला जी की मौत का दुख मना रहे हैं. इसके बाद गिप्पी और बिन्नू ढिल्लों अपने पुराने किरदारों में एंट्री मारते हैं. पूरी कहानी तब उलझ जाती है, जब गिप्पी अपना प्यार पाने के लिए एक झूठ बोल देते हैं. उनके इस एक झूठ को छुपाने के लिए पूरी स्टारकास्ट को एक के बाद एक कई झूठ बोलने पड़ते हैं. इससे कहानी में खूब सारी गलतफहमियां और मजेदार सीन बनते हैं, जो सबको बहुत हंसाते हैं. कुल मिलाकर ट्रेलर में जबरदस्त कॉमेडी है. साथ ही मेकर्स ने इस ट्रेलर के जरिए दिवंगत




दिग्गज कॉमेडियन जसविंदर भल्ला को भावुक श्रद्धांजलि दी है, जो इस फ्रैंचाइजी का हिस्सा रहे थे. गिप्पी ग्रेवाल के अलावा इस फिल्म में बिन्नू ढिल्लों, सरगुन मेहता और गुरप्रीत घुग्गी जैसे एक्टर्स नजर आएंगे. करमजीत अनमोल, प्रिंस कंवलजीत सिंह, पुखराज भल्ला, बीएन शर्मा, शिंदा ग्रेवाल, जैस्मीन बाजवा, भाना एलए, सीमा कौशल, स्वीटाज बराड़, पवन जोहल और जस्सी लोंगोवालिया जैसे कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं. गिप्पी ग्रेवाल और रवनीत कौर ग्रेवाल फिल्म के प्रोड्यूसर हैं. ये फिल्म 26 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है.

# रोजाना एक्सरसाइज करने से जुड़े इन भ्रमों को सही मानते हैं लोग, जानिए इनकी सच्चाई

शा शारीरिक सक्रियता हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। फिर चाहे यह किसी भी रूप में हो, जैसे रोजाना 30 मिनट टहलना, दौड़ना, साइकिल चलाना या तैरना। इससे न केवल हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हालांकि, कई लोग रोजाना एक्सरसाइज करने को लेकर कुछ भ्रम फैलाते हैं। आइए आज हम आपको रोजाना एक्सरसाइज करने से जुड़े भ्रम और उनकी सच्चाई बताते हैं।



**भ्रम- रोजाना एक्सरसाइज करने से शरीर में होता है दर्दः** कई लोगों का मानना है कि रोजाना एक्सरसाइज करने से शरीर में दर्द होता ही है, लेकिन यह पूरी तरह गलत है। अगर आप सही तरीके से एक्सरसाइज कर रहे हैं और आपकी तकनीक अच्छी है तो आपको दर्द नहीं होगा। हां, अगर आपको किसी भी तरह की असुविधा या दर्द महसूस हो तो इसका मतलब है कि आप कुछ गलत कर रहे हैं। इसलिए, हमेशा सही तरीके का इस्तेमाल करें और अपने शरीर की सुनें।

**भ्रम- ज्यादा पसीना बहाने का मतलब ज्यादा कैलोरी बर्न होना :** यह भी एक सामान्य भ्रम है कि ज्यादा पसीना बहाने का मतलब ज्यादा कैलोरी बर्न होना होता है। हालांकि, यह जरूरी नहीं है कि जितना ज्यादा पसीना, उतना ज्यादा जली कैलोरी। दरअसल, पसीना हमारे शरीर का तापमान नियंत्रित करने का एक तरीका है, न कि यह संकेतक है कि आपने कितनी कैलोरी बर्न की है। इसलिए, पसीना की मात्रा पर ध्यान देने के बजाय अपनी शारीरिक गतिविधियों और आहार पर ध्यान दें, ताकि आप स्वस्थ रह सकें।

**भ्रम- एक्सरसाइज करने से पहले स्ट्रेचिंग है जरूरी :** शायद आप भी इस बात से वाकिफ होंगे कि एक्सरसाइज करने से पहले स्ट्रेचिंग करना जरूरी है, लेकिन यह भी एक भ्रम है। दरअसल, एक्सरसाइज से पहले हल्का वार्मअप करना चाहिए और स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज के बाद करनी चाहिए। इसके अलावा अगर आप स्ट्रेचिंग को ज्यादा देर तक करते हैं तो इससे मांसपेशियों में खिंचाव आ सकता है। इसलिए, एक्सरसाइज से पहले हल्का वार्मअप करें और बाद में स्ट्रेचिंग करें।

**भ्रम- रोजाना एक्सरसाइज करने से मांसपेशियों में होता है दर्दः** रोजाना एक्सरसाइज करने से मांसपेशियों में दर्द होने लगता है, ऐसा मानना भी एक भ्रम है। अगर आपको एक्सरसाइज करने के बाद मांसपेशियों में दर्द होता है तो इसका मतलब है कि आप बहुत ज्यादा मेहनत कर रहे हैं या फिर आपकी तकनीक गलत हो सकती है। एक्सरसाइज के दौरान आपको हल्का तनाव महसूस हो सकता है, लेकिन दर्द नहीं होना चाहिए। अगर दर्द हो तो थोड़ी देर आराम करें और अपनी तकनीक पर ध्यान दें।

**भ्रम- एक्सरसाइज करते समय पेट होना चाहिए खाली :** यह भी एक भ्रम है कि एक्सरसाइज करते समय पेट खाली होना चाहिए, क्योंकि इससे ज्यादा कैलोरी बर्न होती है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। अगर आप खाली पेट एक्सरसाइज करते हैं तो इससे कमजोरी आ सकती है और शरीर में ऊर्जा की कमी हो सकती है। बेहतर होगा कि आप हल्का नाश्ता करके एक्सरसाइज करें, ताकि आपको ऊर्जा मिल सके और आप बेहतर प्रदर्शन कर सकें। प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन आपको ज्यादा ताकत प्रदान करेगा।

# बड़ी उपलब्धि हासिल की बॉबी देओल की बंदर ने

बॉ बॉलीवुड फिल्म 'बंदर' रिलीज के बाद से ही दर्शकों और समीक्षकों का दिल जीत रही है। बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल की इस थ्रिलर फिल्म को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। इस दमदार फिल्म को ऑस्ट्रेलिया में होने वाले नेशनल इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ ऑस्ट्रेलिया (एनआईएफएफए) 2026 की क्लोजिंग फिल्म के लिए चुना गया है। अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी इस फिल्म को मिला यह सम्मान भारतीय सिनेमा के लिए एक बड़ी पहचान है, और 'बंदर' की टीम के लिए गर्व का क्षण है। इस फेस्टिवल के आखिरी चरण का आयोजन मेलबर्न में होगा, जहां 'बंदर' की विशेष स्क्रीनिंग के साथ इस सेगमेंट का समापन किया जाएगा। इसके बाद फेस्टिवल हॉबार्ट, गोल्ड कोस्ट और ब्रिस्बेन जैसे अन्य ऑस्ट्रेलियाई शहरों में भी पहुंचेगा, जिससे और भी व्यापक दर्शकों तक फिल्म की पहुंच सुनिश्चित होगी। एनआईएफएफए को भारत के बाहर भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े समारोहों में से एक माना जाता है, जो हर साल नई फिल्मों के साथ-साथ क्लासिक फिल्मों की स्क्रीनिंग और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कई खास कार्यक्रमों का आयोजन करता है। 5 जून को रिलीज हुई 'बंदर' को इसकी अलग और दिलचस्प कहानी के साथ-साथ कलाकारों की दमदार परफॉर्मेंस के लिए काफी पसंद किया गया था। फिल्म में बॉबी देओल और सान्या मल्होत्रा की एक्टिंग की भी लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं, जिन्होंने अपने किरदारों को बखूबी निभाया है। इनके अलावा, सपना पब्बी, सबा आजाद, राज बी शेट्टी, जितेंद्र जोशी, ऋद्धि सेन, इंद्रजीत सुकुमारन और नागेश भोसले भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में नज़र आ रहे हैं,



जिन्होंने अपनी कला से फिल्म को और भी सशक्त बनाया है। मेलबर्न में होने वाले इस प्रतिष्ठित फेस्टिवल में श्याम बेनेगल की क्लासिक फिल्म 'मंथन' का 4के रीस्टोर वर्जन भी दिखाया जाएगा, जो सिनेमा प्रेमियों के लिए एक विशेष आकर्षण होगा। इसके अलावा, 1989 की चर्चित फिल्म 'इन विच एनी गिव्स इट दोज वन्स' की स्क्रीनिंग भी रखी गई है, जिससे पुरानी और नई पीढ़ी की फिल्मों का संगम देखने को मिलेगा। इन क्लासिक फिल्मों को फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन इंडिया के सहयोग से पेश किया जाएगा, जो भारतीय सिनेमा की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऑस्ट्रेलिया का नेशनल स्क्रीन म्यूजियम एआईसीएमआई भी इस फेस्टिवल का सांस्कृतिक साझेदार बना है, जो इस आयोजन की भव्यता और महत्व को और बढ़ाता है। आपको बता दें कि इस साल एनआईएफएफए ऑस्ट्रेलिया के नौ प्रमुख शहरों में आयोजित किया गया है, जिनमें सिडनी, पर्थ, एलिस स्प्रिंग्स और ब्रोकन हिल जैसे शहर शामिल हैं।

# ECL Begins Large-Scale AI and Machine Learning Training for 500 Executives

**Sanctoria:** In a major step toward digital transformation and workforce modernization, Eastern Coalfields Limited (ECL) has launched an extensive Artificial Intelligence (AI) and Machine Learning (ML) training programme for 500 executives in collaboration with the National Institute of Technology (NIT) Durgapur. The initiative is among the largest AI-focused capacity-building programmes undertaken in India's coal sector and is aimed at preparing the organization for technology-driven growth.



The programme was formally inaugurated on June 22, 2026, at ECL's Human Resource Development (HRD) Department by Shri Gunjan Kumar Sinha, Director (HR), ECL. The training initiative aligns with Coal India Limited's vision of integrating emerging technologies into mining operations, governance systems and business processes to improve efficiency, transparency and decision-making.

Designed to equip executives with practical knowledge and application-based understanding of AI and ML technologies, the programme will focus on enhancing capabilities across operational, administrative, financial, human resource and technical functions. ECL expects the initiative to encourage innovation, predictive analytics, intelligent monitoring systems and data-driven decision-making throughout the organization. The training programme, jointly coordinated by ECL's HRD Department and NIT Durgapur, will be conducted in 10 batches, with each batch undergoing an intensive two-day training module. Six batches comprising executives from ECL Headquarters and various mining areas, including Sodpur, Bankola, Salanpur, S.P. Mines, Rajmahal and Satgram-Sripur, will receive training at the ECL HRD Centre.

## Anil Agarwal Urges Startups to Focus on Value Beyond Valuation




**New Delhi :** Entrepreneurs should focus on creating real value rather than becoming overly driven by company valuations, Vedanta Group Chairman Anil Agarwal has said, urging young founders to stay committed to the original purpose behind their business ventures.

In a message shared on his official social media platform X, Agarwal noted that while valuation remains an important measure of growth and investor confidence, it should not overshadow the broader mission of building meaningful and sustainable businesses.

Describing valuation as the "oxygen" of a startup, he said it plays a vital role in helping businesses attract capital and expand. However, he emphasized that entrepreneurs typically begin their journeys with the aim of solving real-world problems, addressing market gaps, and improving people's lives—not merely to secure funding or achieve the next valuation milestone.

Agarwal observed that as startups grow, founders often become increasingly focused on funding rounds, rapid expansion, and financial benchmarks. While these goals are important, he cautioned against losing sight of the fundamental purpose that inspired the business in the first place.

According to him, long-term success belongs to organizations that build trusted products, develop strong teams, and deliver solutions that create a positive impact on customers and society. He stressed that enduring achievements are the result of creating meaningful enterprises rather than simply chasing numbers.

The Vedanta chairman also advised young entrepreneurs to make thoughtful decisions, raise capital responsibly, and remain aligned with their core vision. He said sustainable growth is achieved when businesses balance financial performance with value creation for customers, employees, investors, and communities.

Agarwal concluded by reiterating that valuation is an important indicator of progress, but it should never become more important than the real purpose and long-term value a business seeks to create.


## Odisha bank manager suspended 2 months after man brings sister's skeleton as death proof



**New Delhi, Agency:** A bank branch manager in Odisha Grameen Bank has been suspended, and all 28 Regional Rural Banks (RRBs) across India have been directed to provide more compassionate and transparent customer service. The directive comes in reference to the infamous incident of a tribal man carrying his sister's skeleton to a bank as proof of her death in a bid to access money from her savings account. The action was confirmed by Union minister of state for finance Pankaj Chaudhary in a letter to Odisha assembly leader of opposition Naveen Patnaik.

In his June 12 response to Patnaik, Chaudhary said the department of financial services had taken a serious view of the incident and issued an advisory to all RRBs on May 29 to prevent similar occurrences, particularly among customers from rural, tribal and other vulnerable communities. "However, the incident has been viewed seriously by the Department of Financial Services.

## SC pulls up CARA for 'obstructionist' approach



**New Delhi, Agency:** After a 12-year-old girl lost her mother, her US-based maternal aunt and her husband adopted her by performing 'Datta Homam' rituals under Hindu Adoption and Maintenance Act (HAMA). That was two years ago. They have since struggled to take their adopted daughter to the US because of conflict between inter-country adoption frameworks of the US and India, leading Supreme Court to frown on India's Central Adoption Resource Agency (CARA) coming in the way of a better future for children who have been adopted by their close relatives based overseas.

The adoptive parents had completed the legal requirements for inter-country adoption of the child through a US govt agency but were told that a clearance in this regard would be needed from India's CARA under Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act.

## 'Mocked as actor's party': Tamil Nadu CM Vijay's 'reel' to real speech in assembly; Karur stampede, CAA in focus



**New Delhi, Agency:** Tamil Nadu chief minister Vijay on Tuesday pushed back against critics who had dismissed the Tamilaga Vettri Kazhagam (TVK) as merely an "actor's party", arguing that its rise to power was built on years of activism and public engagement. In a wide-ranging assembly speech, Vijay brushed aside claims that he had moved straight from film sets to politics as a "reel" narrative, recalled the party's opposition to the Citizenship Amendment Act (CAA), and referred to the Karur stampede controversy as he reflected on the challenges faced during TVK's political journey.

"Some people say that I came directly from a film shooting set to become Chief Minister. In their own language, I would say that is just a 'reel'," Media quoted him saying. "Most people start a political party first and then go to the people. We went to the people first and only then started our party. Those who fail to understand this are the ones who dismiss us as merely an actor's party. In the 2026 election, we contested alone without any alliance," he added. Defending his party on allegations regarding Karur stampede, he said, "In Karur, 41 people lost their lives, and the blame was placed on us. Is this how politics should be conducted? "

Vijay then listed a series of social and political causes that he said he and his supporters had championed long before launching TVK.

"In 2011, we organised a public meeting in support of fishermen and voiced our concerns on their behalf. We extended our support to the Jallikattu protest. We personally visited and supported the Sterlite protest. We provided scholarships and incentives to meritorious students in education. After all this, we launched the Tamilaga Vettri Kazhagam (TVK). We also issued statements opposing the Citizenship Amendment Act (CAA)," he said.

## CDSCO flags 159 drug samples as substandard in May one found spurious



**New Delhi, Agency:** India's drug regulator has flagged 159 drug samples as not of standard quality (NSQ) during routine surveillance in May, while identifying one spurious drug sample in Assam, according to the latest monthly alert issued by the Central Drugs Standard Control Organisation (CDSCO). Of the total, 46 samples were declared NSQ by central drug laboratories and 113 by state drug testing laboratories. Drugs are categorised as NSQ when they fail one or more prescribed quality parameters during testing.

CDSCO clarified that the findings relate only to the specific batches tested and do not imply that other batches of the same products available in the market are defective.

The regulator also identified one spurious drug sample in Assam that was allegedly manufactured by an unauthorised entity using a brand name owned by another company. The case is under investigation and action will be taken under the Drugs and Cosmetics Act and Rules, CDSCO said. The regulator said the monthly surveillance exercise is carried out in coordination with state drug authorities to identify and remove substandard and spurious medicines from the market.

## 15 killed, all in their 20s, as blaze rips through gaming studio in Lucknow building




**Lucknow, Agency:** At least 15 people, most of them student trainees and staff of a gaming and animation studio, were killed and nine others were injured Monday afternoon in a fire that tore through a three-storey commercial building in Lucknow's Aliganj after a suspected AC short circuit in a pet store and clinic on the ground floor. Six pets trapped in the veterinary section also died in the blaze. Initial reports said a coaching centre was engulfed in the flames. Social media posts also erroneously referred to a coaching centre, based on preliminary information.

The victims, all in their 20s, were among 22 people brought out by rescue teams from soot-laced rooms and toilets inside which they had apparently locked themselves to escape the fast-spreading flames.

Preliminary forensic findings suggest "highly combustible material" stored in the building, on Usha Mehta Marg in north Lucknow, fed the flames, fire department sources said.

Thick smoke billowing from upper floors was visible from 2km away. A sanitation worker identified as Marzena was the first to raise an alarm around 2.30pm, screaming for everyone to run to safety. The building turned into an inferno in minutes, sealing all escape routes, sources said.

First responders described seeing some survivors smashing windowpanes and using a rope to rappel down to safety.

## Four fertiliser ships exit Strait of Hormuz, head to India



**New Delhi, Agency:** Four ships carrying around 1.8 lakh tonnes of urea, di-ammonium phosphate (DAP) and sulphur have crossed the Strait of Hormuz and are now heading to ports in India, the fertiliser department said on Monday. The ships crossed the conflict-hit sea channel last week. Media has learnt they sailed through the strait on Thursday, Friday and Saturday. Three oil tankers also crossed the critical sea route Saturday. Officials said the seven India-bound ships crossed the strait just before Iran announced its fresh closure. While two ships loaded with fertilisers are carrying 91,750 tonnes of urea, another vessel is transporting 55,000 tonnes of DAP and the fourth one has 33,251 tonnes of sulphur. They are likely to reach ports in Krishnapatnam, Kakinada (Andhra), Paradeep (Odisha) and Mundra (Gujarat) soon.

## 'Deeply saddened': EAM Jaishankar condoles death of 12 Indians in Qatar blast; assures assistance



**New Delhi, Agency:** External affairs minister (EAM) S Jaishankar on Tuesday condoled the death of 13 lives, including 12 Indians in an explosion in the Ras Laffan incident in Qatar last night.

"Deeply saddened by the loss of lives and injuries, including of Indian nationals, in the explosion at Qatar's Ras Laffan Industrial City. As further details emerge, our Embassy continues to be in touch with Qatari authorities, and is reaching out to render assistance to the families of Indian nationals affected by this tragedy. Our thoughts and prayers are with the victims and their families," he said in a post on X.

The Indian embassy in Qatar informed that those who got injured in the incident were in stable condition and receiving appropriate medical treatment.

"Qatari authorities have confirmed that 12 Indian nationals have unfortunately passed away in the Ras Laffan incident yesterday night. We extend our deepest condolences to the bereaved families and prayers for the departed souls. Qatari authorities have also confirmed that all those who got injured in the incident are in stable condition and are receiving appropriate medical treatment. Our Embassy is working in close contact with the Qatari authorities to extend all possible help to the Indian nationals and their families affected by this incident, including ensuring that mortal remains of the deceased are sent to India at the earliest," it said. Qatari authorities said an internal explosion and subsequent fire occurred after a technical malfunction during operations at a factory in Ras Laffan Industrial City.